दैनिक
बढ़ता राजस्थान
संस्करण:टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा
• Since : 2004
/// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///
वर्ष : 12 | अंक : 03 टोंक | शनिवार,03 अगस्त, 2024 | श्रावण, कृष्ण पक्ष अमावस्या संवत्-2081 भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹1.00 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

भारतीय हॉकी टीम ने किया कमाल, 1972 के बाद ओलंपिक में ऑस्ट्रेलिया को दी पटखनी

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। भारतीय मेंस हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक 2024 में अपना दमदार खेल जारी रखते हुए ऑस्ट्रेलिया को धूल चटाई। इतना ही नहीं, भारतीय हॉकी टीम के लिए ये ऐतिहासिक लम्हा था, क्योंकि इससे पहले हॉकी में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को ओलंपिक खेलों में 1972 में हराया था। 52 साल के बाद भारतीय पुरुष टीम को हॉकी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत मिली है। इस मैच में 3-2 से भारत ने जीत हासिल की। हॉकी में भारत पहले ही क्वॉर्टर फाइनल में प्रवेश कर चुका है। डेथ पूल कहे जा रहे पूल बी में शुक्रवार को भारतीय मेंस हॉकी टीम का सामना ऑस्ट्रेलिया से हुआ। शुरुआत से ही भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया पर हावी रही। क्वॉर्टर फाइनल में पहले ही टीम इंडिया पहुंच चुकी है तो उनके लिए नॉकआउट मैचों की तैयारियों के लिहाज से ये मुकाबला अहम था। हालांकि, करीब 24 घंटे पहले ही भारत को अपने पिछले मैच में हार मिली थी, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत ने दमदार प्रदर्शन किया।

टोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम की तरफ से पहले क्वॉर्टर में दो गोल दागे गए। पहला गोल मैच के 12वें मिनट में अभिषेक ने दागा, जबकि अगले ही मिनट पेनल्टी कॉर्नर के जरिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने गोल किया और 2-0 की बढ़त हासिल की। हालांकि, अगले क्वॉर्टर में ऑस्ट्रेलिया के लिए क्रेग थॉमस ने गोल किया और बढ़त को कम किया। वहीं, तीसरे क्वॉर्टर में भारत ने फिर से गोल दागा को बढ़त को 3-1 पहुंचाया।

हरमनप्रीत सिंह ने 32वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक को भुनाया और गोल किया। इसके बाद चौथे क्वॉर्टर में एकमात्र गोल ऑस्ट्रेलिया ने किया। ऑस्ट्रेलिया के लिए गोवर्स ब्लेक ने गोल किया। पेनल्टी स्ट्रोक के जरिए ही ऑस्ट्रेलिया ने भी दूसरा गोल किया। हालांकि, भारतीय टीम आखिरी लम्हों तक कोई भी गोल नहीं करने दी। इतना ही नहीं, ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी के मिनटों में अपने गोलकीपर को भी हटा लिया था, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ भारत मैच 3-2 से जीत गया।

भारतीय टीम ने ग्रुप फेज के अपने सभी मैच खेल लिए हैं। 5 में से 3 मैचों में टीम को जीत मिली, एक मैच में हार मिली और एक मैच ड्रॉ रहा।

देश भर में 103 आईआरएस अधिकारियों के तबादले

आईआरएस विकास को राजस्थान डीजीजीआई की मिली जिम्मेदारी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। सीजीएसटी, डीजीजीआई में प्रधान आयुक्त व आयुक्त स्तर पर तबादले हुए है। देश भर में 103 आईआरएस अधिकारियों के तबादले किए गए है। केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर बोर्ड ने तबादला आदेश जारी किए है। राजस्थान डीजीजीआई की जिम्मेदारी अब 2004 बैच के आईआरएस विकास को मिली है। वाराणसी में सीजीएसटी आयुक्त के पद पर अभी आईआरएस विकास कार्यरत है। डीजीजीआई जयपुर के डीजी आलोक गुप्ता का दिल्ली तबादला हुआ है। डीजी सिस्टम और डाटा मैनेजमेंट की नई जिम्मेदारी मिली है. सीजीएसटी, डीजीजीआई में प्रधान आयुक्त व आयुक्त स्तर पर तबादले हुए है। देशभर में 103 आईआरएस अधिकारियों के तबादले हुए है। जो कि तत्काल प्रभाव से प्रभावी होंगे. देशभर में डीजीजीआई में इस तबादला सूची का बड़ा असर होगा. जोधपुर के आयुक्त राजीव अग्रवाल का भी इंदौर कस्टम्स में तबादला हुआ है. अम्बिका शरणजीत कौर को जोधपुर अपील्स की जिम्मेदारी मिली है। देशभर में 391 आईआरएस अधिकारियों के हुए तबादले, केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर बोर्ड ने जारी किए आदेश-गौरव सिंहा को जयपुर में आयुक्त अपील्स की जिम्मेदारी मिली।

राजस्थान में सोने चांदी के फिर बढ़े दाम : स्टैंडर्ड सोने की कीमत पहुंची 72,250, चांदी हुई 2500 रुपए महंगी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। जयपुर सर्राफा कमेटी की और से जारी भाव के अनुसार जयपुर में 24 कैरेट सोने की कीमत 72 हजार 250 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गई है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 67 हजार 900 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गई है। सोना 18 कैरेट 57 हजार 900 रुपए प्रति 10 ग्राम और 14 कैरेट 46 हजार 900 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। चांदी रिफाइन की कीमत 86 हजार 100 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। भारत में कस्टम ड्यूटी हटाने के बाद लगातार गिर रही सोने और चांदी की कीमत में तेजी का सिलसिला शुरू हो गया है। इसके बाद राजस्थान में बीते सात दिनों में स्टैंडर्ड सोने की कीमत 2,450 रुपए बढ़कर 72 हजार 250 रुपए पर पहुंच गई है। वहीं, चांदी प्रति किलो की कीमत में भी 2,500 रुपए की तेजी आई है। इसके बाद एक किलो चांदी की कीमत 86,100 रुपए पर आ गई है। जयपुर के सर्राफा व्यापारी पंकज सोनी ने बताया कि भारत में कीमती धातुओं में निवेश की पुरानी परंपरा है। ऐसे में कस्टम ड्यूटी घटना के बाद सोने और चांदी की डिमांड काफी बढ़ गई थी।

डीएलबी चीफ इंजीनियर के निजी सचिव के घर-ऑफिस पर रेड

करोड़ों की प्रॉपर्टी और गहने मिले; एक बैंक लॉकर और 7 खाते भी मिले

जयपुर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शुक्रवार सुबह डीएलबी चीफ इंजीनियर के निजी सचिव विमलेश शर्मा के ठिकानों पर रेड डाली। निजी सचिव के जयपुर स्थित ऑफिस और निवास सहित चार ठिकानों पर एक साथ छापे की गई। फिलहाल टीमें सर्च में जुटी हैं। डीजी डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया- ब्यूरो मुख्यालय को गोपनीय शिकायत मिली थी। शिकायत में बताया गया कि मुख्यालय स्वायत्त शासन विभाग जयपुर के अतिरिक्त निजी सचिव विमलेश कुमार शर्मा ने अपने और अपने परिजनों के नाम से भ्रष्टाचार के साधनों से अपनी वैध आय से अधिक संपत्तियां अर्जित की है। उनकी बाजार कीमत करोड़ों रुपए से भी अधिक है। इंटेजिलेंस की ओर से शिकायत का गोपनीय सत्यापन किया गया।आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला पाए जाने पर केस दर्ज किया गया। कोर्ट से सर्च वारंट प्राप्त कर आरोपी विमलेश कुमार के जयपुर स्थित 4 ठिकानों पर तलाशी की कार्रवाई की गई।

इंजेलिजेंस से मिली शिकायत के बाद एसीबी ने शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे विमलेश के ऑफिस में आने के बाद सर्च शुरू किया। ऑफिस के साथ घर पर भी रेड मारी गई। फिलहाल विमलेश से ऑफिस में पूछताछ की जा रही है।

प्रदेश में मानसून का कहर जारी

अजमेर के किशनगढ़ में पहाड़ टूटकर गिरा

बारिश से सवाई माधोपुर में मकान ढहा, नागौर में पेड़ गिरा; कई जिलो के स्कूलों में छुट्टी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। राजस्थान में बुधवार रात से शुरू हुआ तेज बारिश का दौर शुक्रवार को भी जारी है। लगातार बारिश के कारण शुक्रवार को जयपुर और बीकानेर शहर के स्कूलों में छुट्टी की गई है। सुबह से पाली, बीकानेर, सीकर, अजमेर, नागौर सहित कई जिलों में बरसात हो रही है। अजमेर के किशनगढ़ में तेज बारिश के कारण पहाड़ी का एक हिस्सा टूटकर गिर गया। यहां हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पीछे पहाड़ी का एक हिस्सा ढह गया। सवाई माधोपुर में तेज बारिश के कारण एक मकान ढह गया।

नागौर जिले के कई इलाकों में शुक्रवार सुबह मूसलाधार बरसात हुई। नागौर शहर में सेठ किशनलाल कांकरिया राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में बारिश के साथ आई तेज हवा से पेड़ गिर गया। थांवला थाना इलाके के लाडपुरा गांव में मूसलाधार बरसात से कई रास्ते टूट गए। डेगाना को ब्यावर से जोड़ने वाली सड़क पर तेज रफ्तार से पानी बहने लगा, जिसके कारण रास्ता बंद हो गया। लूणी नदी में तेज रफ्तार से पानी बह रहा है। कई खेतों में पानी भर गया।

गुरुवार को जयपुर, सवाई माधोपुर, चूरू, हनुमानगढ़ और करौली के कई इलाकों में 4 इंच यानी 100एमएम से ज्यादा पानी बरसा। चूरू में अगस्त में हुई बारिश का 60 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। जयपुर में भी 12 साल में अगस्त में इतनी बारिश कभी नहीं हुई। जयपुर में गुरुवार को बारिश से 4 लोगों की मौत हो गई।

वहीं, मौसम विभाग ने आज अजमेर 8 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि भारी बारिश का ये दौर 5 अगस्त तक जारी रहने की आशंका है।

जयपुर में जमकर बरसे बदरा

जयपुर में बुधवार रात को हुई भारी बारिश के बाद गुरुवार रात को भी अच्छी बारिश हुई। शुक्रवार को भी बारिश का दौर जारी रहा। इस दौरान जयपुर एयरपोर्ट पर रात साढ़े दस बजे तक करीब पौने तीन इंच बारिश हुई . जयपुर के कई अंडरपास अभी भी पानी से लबालब हैं . मौसम विभाग के अनुसार लगातार हो रही बारिश से पूरे प्रदेश में तापमान 35 डिग्री के पास गया है . प्रदेश में गुरुवार को सर्वाधिक तापमान फलौदी में दर्ज किया गया है। वहां तापमान 35 .2 डिग्री सेल्सियस रहा।

अब गर्मी के साथ ही उमस से भी राहत मिल गई

पूरे प्रदेश में हुई भारी बारिश के कारण अब गर्मी के साथ ही उमस से भी राहत मिल गई है। जयपुर और चूरू समेत कई जिलों में अभी भी जगह-जगह पानी भरा हुआ है . वहीं कई गांवों का शहरों से संपर्क कटा हुआ है . बारिश के कारण हनुमानगढ़ जिले के पीलीबंगा और संगरिया में मकान ढहने से दो महिलाओं की मौत हो गई। तीन अन्य लोग घायल हो गए उनका इलाज चल रहा है।

खाजूवाला में 195 एमएम पानी गिरा

मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों के दौरान बीकानेर, हनुमानगढ़, जयपुर, जोधपुर, सवाई माधोपुर सीकर और श्रीगंगानगर के कई इलाकों में भारी बारिश दर्ज की गई है।

जुलाई में सामान्य रहा मानसून, अगस्त में होगी ज्यादा बारिश

320 बांध खाली; जैसलमेर-बाड़मेर में बढ़ेगी गर्मी

जयपुर। राजस्थान में इस बार जुलाई महीने में मानसून सामान्य रहा। 1 जून से 31 जुलाई तक प्रदेश में 212.5एमएम बरसात हुई, जो औसत बारिश (216.4एमएम) से 2 फीसदी कम है। प्रदेश में 320 बांध अब भी खाली हैं। राज्य के 33 में से 9 जिले ऐसे हैं, जहां पूरे सीजन की बारिश का 60 फीसदी कोटा पूरा हो चुका है। वहीं 8 जिलों में 40 फीसदी कोटा भी पूरा नहीं हुआ है। अगस्त के लिए भी मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जारी कर दिया है। विभाग के अनुसार, अगस्त में प्रदेश में सामान्य बारिश होगी। वहीं, पश्चिमी राजस्थान के कुछ जिलों में तापमान भी ज्यादा रहेगा।

• 9 जिलों में मानसून की बारिश का 60% कोटा पूरा

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर से जारी रिपोर्ट देखें तो भरतपुर, दौसा, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, टोंक, चूरू, नागौर और गंगानगर ऐसे जिले हैं, जहां अब तक बारिश सामान्य से 23 फीसदी या उससे ज्यादा हो चुकी है। जिलेवार रिपोर्ट देखें तो दौसा जिले में 462 .6एमएम बारिश हो चुकी है। दौसा में पूरे मानसून सीजन (1 जून से 30 सितम्बर तक) में औसत बारिश 594 .5एमएम होती है।

नेता प्रतिपक्ष का जलदाय मंत्री पर तंज : बोले-

कुर्सी है, तुम्हारा जनाजा तो नहीं; कुछ कर नहीं सकते तो उतर क्यों नहीं जाते?

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। दिव्यांग छात्रों को स्कूटी वितरण और स्कॉलरशिप से जुड़े सवाल पर शुक्रवार को विधानसभा में हंसी-मजाक हुआ। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने बीजेपी विधायक कालूलाल से कहा कि आपके घर आकर पूरा ब्योरा और जानकारी दूंगा। इस पर स्पीकर ने कहा- घर पर नहीं यहीं दे दीजिए। स्पीकर ने चुटकी लेते हुए कहा- विधायक और मंत्री जी के बीच इतना प्रेम संबंध हो रहा है और क्या चाहिए।

वहीं, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने दिव्यांगों से जुड़े सवाल के जवाब के आंकड़ों में अंतर को लेकर मंत्री से सवाल पूछा। जूली ने कहा- आंकड़ों में अंतर है। दिव्यांगों को पेंशन के अलावा 1000 रुपए अलग से भी दिए जाते हैं, उसका कहीं जिक्र नहीं है। इसके बाद गहलोत ने कहा- मैं नेता प्रतिपक्ष को आश्वस्त करता हूं कि उनके घर आकर पूरा ब्योरा दूंगा। स्पीकर ने कहा- सबके घर नहीं जाना। सरकार बड़े लोगों के अलावा गरीबों के घर जाती है। आप तो इतने बड़े नेता हैं। कैबिनेट मंत्री के बराबर हैं तो आप जो जानकारी चाहेंगे आपके घर आकर दूंगा। प्रश्नकाल में बीजेपी विधायक उदयलाल भडाणा स्पीकर पर ही भड़क गए। भड़ाणा सवाल को बहुत लंबा बनाकर पूछ रहे थे। इस पर स्पीकर ने कहा- आप सवाल पूछिए, भाषण मत दीजिए। इस पर भडाणा ने नाराजगी जताते हुए कहा- आज के बाद सवाल ही नहीं पूछेंगे। हर बार टोक देते हो। बीजेपी विधायक संदीप शर्मा ने पानी पर बहस में कांग्रेस राज में जलजीवन मिशन में हुए भ्रष्टाचार पर निशाना साधा। संदीप शर्मा ने कहा- एक तरफ तो आपके नेताजी वहां मोहब्बत की दुकान चलाते रहे। दूसरी तरफ आपने यहां भ्रष्टाचार की दुकान खोल ली।

ईआरसीपी पर विपक्ष ने किया हंगामा

विधानसभा में पानी पर हुई बहस के बाद जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के जवाब के दौरान विपक्ष ने हंगामा किया। जलदाय मंत्री ने कहा कि ईआरसीपी के एमओयू पर बात कर रहे थे। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री की मौजूदगी में मध्यप्रदेश के साथ एमओयू हुआ, हमें हमारे हक का पूरा पानी मिलेगा, नौनेरा बांध भी जुड़ा है। एमपी और राजस्थान मिलकर डीपीआर बना रहे हैं। इसकी लागत 48 हजार करोड़ अनुमानित थी, अब हो सकता है इसकी लागत 60 हजार करोड़ भी हो सकती है, इसका 90 फीसदी पैसा केंद्र सरकार देगी। ईआरसीपी का जिक्र आते ही नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि आप गारंटी से कह सकते हैं कि राजस्थान को पूरा पानी मिलेगा, एमओयू सदन में रख दीजिए। इस मुद्दे पर पक्ष-विपक्ष के बीच नोकझोंक शुरू हो गई।

Tariq : 9509674415
Mahi Car Decor
• Seat Covers • Floor Mats
• Android Players • Speakers
• Center Locking • Power Windows
• Perfumes • Ambience Light
Manufacturer of Car Seat Covers
Chacha Complex, Jalupura Link Road, M.I.Road, Jaipur
SONY
D)TREK
Pioneer
AUTOCOP
M-TEK
JVC
Xplod
JBL
PLATI

सम्पादकीय

कम शुल्क दर से बढ़ेगा निर्यात

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने करीब 50 उत्पादों पर सीमा शुल्क कम करने का जो निर्णय लिया है वह स्वागतयोग्य है। इसे देश की बाह्य प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के प्रयास से जुड़े कदम के रूप में भी देखा जा सकता है। उन्होंने अगले छह महीने में सीमा शुल्क ढांचे की व्यापक समीक्षा की भी घोषणा की। फिलहाल मोबाइल फोन, चमड़ा, फेरो-निकल, ब्लिस्टर कॉपर और पेट्रोल उत्खनन गतिविधियों समेत कई क्षेत्रों में सीमा शुल्क या तो समाप्त कर दिया गया है या फिर बहुत कम कर दिया गया है। सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि 25 अहम खनिजों को सीमा शुल्क से मुक्त कर दिया गया है। इससे नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में देश की घरेलू उत्पादक क्षमता को मदद मिलेगी और साथ ही अन्य रणनीतिक उद्योगों मसलन रक्षा और ई-मोबिलिटी में भी यह मददगार होगा। यह बदलाव देश की व्यापार नीति में संरक्षणवाद और आयात प्रतिस्थापन के जगह बना लेने के कई वर्ष बाद आया है। आयात में कमी करने के प्रति झुकाव को 2018 के बजट में ही देखा जा सकता है। घरेलू उद्योगों के संरक्षण और रोजगार निर्माण बढ़ाने के लिए 40 से अधिक आयात पर टैरिफ को बढ़ाया गया। इसमें वाहन कलपुर्जे से लेकर मोमबत्ती और फर्नीचर तक सब शामिल थे।

पहले भारत ने कुछ इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों मसलन मोबाइल फोन के कलपुर्जों, टेलीविजन और माइक्रोवेव ओवन पर आयात शुल्क बढ़ाया। 2010-11 से 2020-21 तक भारत की औसत शुल्क वृद्धि काफी बढ़ गई। देश के टैरिफ लाइन के अनुपात मे 15 फीसदी से अधिक इजाफा हुआ और यह 11.9 फीसदी से बढ़कर 25.4 फीसदी पर पहुंच गई। सरकार ने सीमा शुल्क को आगे राजस्व जुटाने का उपाय नहीं मानकर बढ़िया किया है। अब यह बात अच्छी तरह स्वीकार्य है कि केवल व्यापारिक खुलापन ही भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में अहम हिस्सेदार बना सकता है। मिसाल के तौर पर स्मार्टफोन और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में। भारत का मोबाइल फोन निर्यात 2023-24 में 15.6 अरब डॉलर हो गया जबकि 2022-23 में यह 11.1 अरब डॉलर था। पिछले वर्ष देश ने 102 अरब डॉलर मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक सामान का निर्माण किया। इसके बावजूद निर्यात वृद्धि मोटे तौर पर देश में विनिर्माण के बजाय असेंबली तक सीमित है।

लीथियम आयन सेल्स या सेमीकंडक्टर चिप्स जैसे घटकों का निर्माण भारत में नहीं हो रहा है। अधिकांश वास्तविक मूल्यवर्द्धन चीन, दक्षिण कोरिया, जापान और वियतनाम जैसे देशों में हो रहा है। गैर टैरिफ गतिरोध भी ऊंचे हैं। विश्व व्यापार संगठन द्वारा वर्ल्ड टैरिफ प्रोफाइल 2024 में जारी आंकड़े बताते हैं कि भारत एंटी डंपिंग शुल्क लगाने के मामले में अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर है। 2023 में भारत ने 45 एंटी डंपिंग जांच शुरू कीं और 14 मामलों में शुल्क लगाया जबकि देश में 133 एंटी डंपिंग उपायों ने 418 उत्पादों को प्रभावित किया। प्रतिपूरक शुल्क भी बहुत अधिक हैं। 2023 में भारत ने 17 मामलों में प्रतिपूरक शुल्क लगाए जिन्होंने 28 उत्पादों को प्रभावित किया।

आरक्षण के भीतर आरक्षण की व्यवस्था का अहम फैसला

सुप्रीम कोर्ट की सात सदस्यीय संविधान पीठ ने जहां छह-एक के बहुमत से एससी-एसटी आरक्षण में कोटे के भीतर कोटे को संविधानसम्मत बताया, वहीं चार न्यायाधीशों ने इन वर्गों के आरक्षण में उसी तरह ₹ीमी लेयर की व्यवस्था लागू करने की भी आवश्यकता जताई, जैसी ओबीसी आरक्षण में है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने इस फैसले से 2004 के पांच सदस्यीय संविधान पीठ के फैसले को पलट दिया, जिसमें कहा गया था कि एससी-एसटी समुदाय एक जैसा है और उनकी विभिन्न जातियों में कोई भेद नहीं किया जा सकता। यह वस्तुस्थिति नहीं थी, इस विसंगति को सुधार कर सुप्रीम कोर्ट ने न्यायसंगत उप₹ म किया है। अब राज्यों एवं केन्द्र सरकार को बहुत सावधानी से कदम उठाने होंगे। इस ताजे फैसले के बाद अनेक राज्यों में जातिगत गणना की होड़ शुरु हो सकती है एवं राजनीति दलों में आरक्षण का मुद्दा नये आ₹ ामक रूप में उभर सकता है। लेकिन एक आदर्श समता, समानता एवं संतुलनमूलक समाज-व्यवस्था को निर्मित करने की दिशा में कोर्ट का यह फैसला अहम है।

ललित गर्ग

सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जातियों-जनजातियों यानी एससी-एसटी समुदाय में आरक्षण के भीतर आरक्षण का रास्ता साफ करके आरक्षण की व्यवस्था को तार्किक, न्यायसंगत, समानतापूर्ण बनाने का सराहनीय कार्य किया है। न्यायालय के इस तरह के फैसले मिसाल ही नहीं, मशाल बन कर सामने आ रहे हैं, जिससे राष्ट्र की विसंगतियों एवं विडम्बनाओं से मुक्ति की दिशाएं उद्घाटित हो रही है। यह फैसला कई बिल्कुल अलग-अलग वजहों से अहम माना जा रहा है। क्योंकि बड़ा सच यह है कि ओबीसी समाज की तरह एससी-एसटी समुदाय में भी कई जातियों की आर्थिक-सामाजिक स्थिति न केवल कहीं कमजोर है, बल्कि उन्हें अपने ही वर्ग की अन्य जातियों से भेदभाव का भी सामना करना पड़ता है। यह एक ऐसी सच्चाई है, जिससे कोई इन्कार नहीं कर सकता। यह भी एक तथ्य है कि एससी-एसटी समुदाय में कई जातियां ऐसी हैं, जिन्हें आरक्षण का न के बराबर लाभ मिला है। ऐसा इसीलिए हुआ है, क्योंकि आरक्षण का अधिक लाभ इन वर्गों की अपेक्षाकृत समर्थ जातियां उठाती हैं। यही स्थिति ओबीसी में है। कई अति पिछड़ी जातियों तक आरक्षण का लाभ नहीं पहुंचा है। राजनीतिक एवं संवैधानिक विसंगतियों के कारण ऐसा होता रहा है।

संविधान पीठ के अनुसार, आरक्षण का मुख्य मकसद आर्थिक और सामाजिक समानता लाना है, पर इसके लिए शहर और गांव की सामाजिक हकीकत में अंतर के साथ आर्थिक पहलुओं को ध्यान में रखना जरूरी है। एससी समुदाय में भी दो बड़े वर्ग है, जिनमें गहरा फासला है। बड़े अफसरों और बड़े वकीलों के बच्चों की तुलना में मैला ढोने वाले बच्चों से करना कैसे न्यायसंगत हो सकता है? इसलिए पीछे रह गई जातियों को मुख्यधारा में लाने के लिए ओबीसी की तर्ज पर एससी में भी कोटे के भीतर कोटे को न्यायाधीशों ने सांविधानिक माना है। आज के समय में इस फैसले की जरूरत को समझा जा सकता है, लेकिन समस्या यह है कि देश में 140 करोड़ जनसंख्या की सामाजिक स्थिति और आर्थिक हैसियत के आंकड़े स्पष्ट तौर पर उपलब्ध नहीं है। ऐसी स्थिति में जनसंख्या के आधार पर आनुपातिक आरक्षण की मांग बढ़ने से सामाजिक और राजनीतिक विद्वेष बढ़ सकता है। क्या इस फैसले से राज्यों में मनमानी बढ़ सकती है? अब नौजवानों से जुड़े अनेक मुद्दों जैसे रोजगार, कोचिंग, अग्निवीर, नीट, इंटर्नशिप, नकल और शिक्षा पर बहस के बीच इस फैसले से क्रीमीलेयर का मुद्दा फिर गरमा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने एससी-एसटी आरक्षण में उपवर्गीकरण करने का अधिकार राज्य सरकारों को भी दे दिया है। इस अधिकार का दुरुपयोग होने की आशंका भी है, क्योंकि सत्तारूढ़ राजनीतिक दल वोट बैंक बनाने के लालच में एससी-एसटी जातियों का मनमाना उपवर्गीकरण कर सकते हैं। राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि आरक्षण सामाजिक न्याय का जरिया है, न कि वोट बैंक की राजनीति का हथियार। वैसे भी अब तक देश में आरक्षण वोट बैंक को सुदृढ़ बनाने का हथियार बना रहा है और राजनीतिक दल इसका अनुचित लाभ उठाते हुए अपेक्षित समुदायों तक आरक्षण का लाभ नहीं पहुंचने दिया। सुप्रीम कोर्ट के नये फैसले के बाद स्थितियां उग्र एवं आक्रामक होने के साथ प्रभावी भी होगी। इसलिये अब आरक्षण का कई पहलुओं से मूल्यांकन जरूरी हो गया है। वैसे फैसले में साफ कर दिया गया है कि किसी भी तरह का उप-वर्गीकरण स्पष्ट और भरोसेमंद डेटा के ही आधार पर ही किया जा सकता है। देखा जाए तो इस शर्त के जरिए फैसले का संकीर्ण एवं स्वार्थपूर्ण राजनीतिक हितों के लिए इस्तेमाल करने की संभावित कोशिशों पर अंकुश लगाने का प्रयास किया गया है। एससी, एसटी, ओबीसी, दिव्यांग, महिला, ईडब्ल्यूएस जैसी सभी वर्गों के आरक्षण को जोड़ा जाए, तो 99 फीसदी आबादी आरक्षण के दायरे में आ जाती है। चारों राज्यों में होने वाले चुनावों के मद्देनजर देखें, तो इस फैसले के बाद आरक्षण की राजनीति के साथ अदालतों में मुकदमेबाजी भी बढ़ सकती है, जिसका समाधान सूझबूझ एवं लोकतांत्रिक तरीके से करना होगा। अनुच्छेद-19 के तहत नागरिकों को पूरे देश में व्यवसाय और रोजगार का अधिकार है, इसलिए आरक्षण के माध्यम से न्याय और समानता स्थापित करने के लिए जातियों के व्यापक वर्गीकरण की राष्ट्रीय नीति को न्यायिक मान्यता देनी पड़ेगी। आरक्षण के बावजूद अपेक्षित लोगों को इसका लाभ न मिलना संवैधानिक एवं राजनीतिक विसंगति का प्रमाण है। ताजे फैसले के बाद राज्य सरकारें अब अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग में भी आरक्षण के लिए अलग-अलग श्रेणियां बना सकती हैं। इस फैसले के बाद इन वर्गों में हाशिए पर पड़ी जातियों को आरक्षण का फायदा मिलने की उम्मीद जगी है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि यह बात भी लगातार उठाई जा रही थी कि समुचित अवसर नहीं मिलने के कारण आरक्षित एससी-एसटी वर्ग में भी ऐसी कई जातियां हैं जो सामाजिक और आर्थिक तौर पर पिछड़ेपन से उबर नहीं पा रही हैं। आरक्षण के बावजूद भूमिहीन एवं निर्धन लोगों की स्थिति आज भी दयनीय एवं असंतुलित है। क्योंकि उच्च प्रशासनिक अधिकारियों के बच्चों के बारे में यह नहीं कहा जा सकता कि उनकी स्थिति गांव में रहने वाले भूमिहीन-निर्धन-अभावग्रस्त लोगों के बच्चों जैसी है। सच यही है कि आरक्षण की व्यवस्था का फायदा भी एससी/एसटी श्रेणी के तहत आने वाली सभी जातियां समान रूप से नहीं उठा सकीं। ताजा फैसला इस सचाई को स्वीकार करते हुए राज्य सरकारों के लिए यह गुंजाइश बनाता है कि वे इस व्यवस्था का फायदा उन तबकों तक पहुंचाने की व्यवस्था करें जिन तक यह ठीक से नहीं पहुंचा है। हमारे देश में आरक्षण की व्यवस्था को लागू करते समय भी इसी बात की जरूरत महसूस की गई थी कि आरक्षण व्यवस्था से समाज के वंचित और उपेक्षित वर्ग-समुदाय को समाज की मुख्यधारा में आने का मौका मिलेगा। ऐसा हुआ भी। पर इस तरह की आवाजें भी लगातार उठने लगी हैं कि एससी-एसटी वर्ग में कुछ लोगों को ज्यादा फायदा मिल रहा है और कुछ तक आरक्षण व्यवस्था का अंश तक नहीं पहुंच पा रहा है। इसको लेकर इन आरक्षित वर्गों में ही विद्रोह के भाव भी समय-समय पर देखने को मिलते रहे हैं। अच्छा होगा कि एससी-एसटी आरक्षण का उपवर्गीकरण करने के साथ ही उसमें क्रीमी लेयर का सिद्धांत लागू किया जाए। आरक्षित वर्गों में जो भी अपेक्षाकृत सक्षम और संपन्न हैं, उन्हें आरक्षण का लाभ दिया जाना सामाजिक न्याय की मूल भावना के खिलाफ तो है ही, वंचित-निर्धन लोगों के साथ किया जाने वाला अन्याय भी है। आरक्षण प्रदान करते समय यह देखा ही जाना चाहिए कि उसका लाभ पाने वाला पात्र है या नहीं? अब जब सुप्रीम कोर्ट ने एससी-एसटी समुदाय में आरक्षण के उपवर्गीकरण और क्रीमी लेयर की जरूरत जता दी है, तब फिर यह आवश्यक हो जाता है कि मोदी सरकार ओबीसी आरक्षण में उपवर्गीकरण की संभावना का पता लगाने के लिए गठित रोहिणी आयोग की रिपोर्ट पर अमल करने की दिशा में आगे बढ़े। कुल मिलाकर, ताजा फैसला न सिर्फ नीति-निर्माण के स्तर पर महत्वपूर्ण दखल है बल्कि आरक्षण जैसे मसले पर भविष्य के लिए दिशासूचक का भी काम कर सकता है।

आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

मेष

अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। आज आपकी नौकरी और व्यवसाय में रुचि बढ़ेगी। आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें। साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा। संतान की चिंता आपको हो सकती है।

वृष

दवाई खरीदने या अस्पताल की फीस पर आकस्मिक खर्च हो सकता है। आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

मिथुन

आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। आज आपको कार्यालय और व्यापार में थोड़ा संभलकर चलना होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है।

कर्क

व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पूंजी निवेश में सावधानी बरतें। धार्मिक काम के पीछे धन खर्च हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के विषय में संभलकर चलें। दोस्तों के साथ मुलाकात होगी।

सिंह

स्वभाव में उग्रता हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें। दोपहर के बाद आप आप मनोरंजन की ओर ज्यादा बढ़ेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रह पाएंगे।

कन्या

मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हों। अपनी कल्पनाशक्ति से साहित्य-सृजन में आप नवीनता ला पाएंगे। व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा।

तुला

स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दोपहर के बाद पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहेगा। आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी।

वृश्चिक

सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें। व्यापार में ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है। दोपहर के बाद आप को प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है।

धनु

किसी तरह का आर्थिक लाभ भी हो सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य को लेकर उतार-चढ़ाव बना रहेगा। गृह एवं संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है।

मकर

आज वाणी पर संयम रखें. स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

कुंभ

आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। बहुत दिनों से अटके सरकारी कामों में सफलता मिलेगी।

मीन

मित्रों का सहयोग भी आप को प्राप्त होगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। धन और प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है। आप की रचनात्मकता में सकारात्मक वृद्धि होगी। स्नेहीजनों के साथ घनिष्ठता बढ़ेगी।

शख्सियत

चेहरे पर आलौकिक मुस्कान और समाजसेवा का जोश- शरीर से थक जाने के बाद भी कुछ कर गुजरने की ईच्छाशक्ति और लोगों के लिए मिसाल बनने का जज्बा ही हमारी अपनी पहचान बनता है वरना तो एक ही नाम के लाखों करोड़ों लोग हैं दुनिया में......

अमित श्यामसुखा
(युवा समाजसेवी व उद्योगपति)

नमस्कार मित्रों, हमारी आज की शख्सियत हैं युवा समाजसेवी और उद्योगपति अमित श्यामसुखा,शायद ही कोई व्यक्ति होगा जो इनके व्यक्तित्व से परिचय नहीं रखता होगा। समाजसेवा का जज्बा और कर्म को पूजा मानने वाले इस शख्स की खुबियां ही इन्हे शख्सियत बनाती हैं। 18 जुलाई सन 1977 को जिला चुरू में जन्में अमित श्यामसुखा की शिक्षा दिक्षा पूणे से हुई जहां उन्होंने महाराष्ट्र के पूणे से बी कॉम की पढाई पूर्ण की। 2008 में खुद का बिजनेस ओम साईं पैकेजिंग के नाम से शुरू किया कंपनी स्टील केबल ड्रम बनाने वाली राजस्थान की सबसे पहली कंपनी थी। अलवर में ये नए थे लेकिन समाजसेवा का जज्बा तो था ही इसलिए 2011 में रोटरी क्लब अलवर ग्रेटर का संस्था के सदस्य बने। फिर एक-एक कर के अनेक संस्थाओं से जुड़ने और काम करने का मौका मिलने पर ये लोगों के चहेते बन गए। फिलहाल अलवर में हमारी 3 यूनिट है और नॉर्थर्न इंडिया में सबसे ज्यादा उत्पादन वाली कंपनी है। फिलहाल अलवर चैम्बर ऑफ कॉमर्स - इंडस्ट्री में मानद सचिव पद पर हैं।

रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3053 का डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी एडमिनिस्ट्रेशन हैं।

2019 में जिनके हाथ नहीं है उनके लिए एलएन 4 प्रोस्थेटिक हैंड का शिविर लगाया । इस हाथ की मदद से व्यक्ति अपने सारे काम खुद कर सकता है । किसी व्यक्ति को आत्मा निर्भर बनाने का सुकून अलग है इनके लिए। कोरोना में जरूरतमंदो के लिए काफी काम किया जैसे की खाना वितरित करना,ऑक्सीजन सिलेण्ड्र की उपलब्धिता करना।। 2020 में महावीर जैन औषधालय के साथ मिल के एक फैजियो थैरेपी सेंटर की शुरुआत की जो की अब भी अपनी सेवाएं दे रहा है। रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नम्बर 1 पे 12 स्टील बेंचेस लगायी जो आज भी यात्रियों के काम आ रही है। प्लेटफार्म नो 2 पे एक वाटर कूलर लगावाया जो आज भी ठंडा पानी यात्रियों को पिला रहा है। एमआईए इंडस्ट्रियल एरिया में भी एक वाटर कूलर लगाया है। अमित श्यामसुखा का कहना है कि बदलाव एक ही जगह संभव है स्वयं में ,आप समाज में जो बदलाव देखना चाहते है वह पहले स्वयं में लाये जरूरतमंद लोगो की आगे भी सेवा का जो अवसर मिलेगा उसे पूरा करने के लिए अमित श्यामसुखा कृत संकिल्प हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान टीम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।

आज का इतिहास

3 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- लुई षष्ठम फ्रांस का सम्राट 1108 में बना।
- अलाउद्दीन बहमन शाह ने 1347 में बहमनी सल्तनत (1317-1518) की स्थापना की।
- यूरोपीय देश स्पेन से सभी यहूदियों को 1492 में बाहर निकाला गया।
- इटली के नाविक क्रिस्टोफर कोलंबस तीन जहाजों के साथ स्पेन से भारत की खोज पर 1492 को रवाना हुआ।
- अल्लेरशेइम के युद्ध में फ्रांस ने 1645 में बावेरिया को हराया।
- राबर्ट लासैले ने 1678 में अमेरिका में पहले जहाज का निर्माण किया।
- चन्दा साहिब ने 1749 में कर्नाटक के तत्कालीन नवाब अनवररुद्दीन को अंबर के युद्ध में परास्त कर, उसका अंत कर दिया।
- मेजर पोफम की अगुआयी में कैप्टेन ब्रुस ने 1780 को ग्वालियर पर कब्जा किया।
- न्यूजीलैंड में दूसरा माओरी युद्ध 1860 में शुरू हुआ।
- फर्स्ट वन टायर एंड रबर कंपनी की स्थापना 1900 में हुई।
- प्रथम विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी ने 1914 को फ्रांस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- पहला समुद्री जहाज पनामा नहर से 1914 को गुजरा।
- अमेरिकी राष्ट्रपति हार्डिंग के अचानक निधन के बाद कैल्विन कूलिज ने 1923 में अमेरिका के 30 वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।
- अमेरिका की अंतिम सैन्य टुकड़ी ने 3 अगस्त 1925 में निकारागुआ छोड़ा।
- मिकी माउस वॉच पहली बार 1933 में पेश की गई।
- एडोल्फ हिटलर ने 1934 में चांसलर और राष्ट्रपति के पद का विलय कर खुद को नेता घोषित किया।
- इंडोनेशिया ने 3 अगस्त 1949 को युद्ध विराम की घोषणा की।
- अब्दुल रहमान को 1957 में मलेशिया का नया नेता चुना गया था जिनके नेतृत्व में मलेशिया ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता हासिल की।
- पश्चिमी अफ्रीकी देश नाइजर ने 1960 में फ्रांस से स्वतंत्रता हासिल की।
- फ्रांस ने 1968 में मुरुओरा द्वीप पर परमाणु परीक्षण किया।
- अमेरिका ने 1979 में नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- फ्रांस ने 1981 में प्रशांत महासागर में परमाणु परीक्षण किया।
- बाबा आम्टे को जनसेवा के लिए रेमन मैगसेसे पुरस्कार 1985 में प्रदान किया गया।
- मुंबई के बांद्रा में 1998 को इमारत ढहने से 35 व्यक्तियों की मौत हुई।
- ब्रिटेन की 'क्वीन मदर' द्वारा अपनी 100वीं वर्षगांठ 2000 में मनायी गई।

विशेष आलेख

बढ़ती आबादी और घटते संसाधन

विजय गर्ग

बेतहाशा बढ़ती आबादी आज दुनिया की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। दुनिया के कई देशों बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में वहां उपलब्ध संसाधन अब कम पड़ने लगे हैं। जाहिर है कि अगर किसी भी देश की जनसंख्या लगातार तीव्र गति से बढ़ेगी, तो उसी अनुपात में वहां उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव भी बढ़ेगा। इसे भारत के संदर्भ में देखा जाए तो 7 जुलाई, 2024 को भारत की जनसंख्या एक अरब 44 करोड़ 19 लाख 10,332 थी। यह दुनिया की कुल जनसंख्या (8.119 अरब) का लगभग 18.02 फीसद भू-भाग पर जो विश्व के महज ढाई फीसद पर जीवन यापन करने को विवश है। इसी वर्ष अप्रैल के अंत में जारी संयुक्त राष्ट्र की खाद्य संकट पर वैश्विक रपट के अनुसार आज दुनिया भर के 59 देशों के लगभग 28.2 करोड़ लोग भूखे रहने को मजबूर हैं। रपट के अनुसार युद्धग्रस्त गाजा पट्टी और सूडान में बिगड़े खाद्य सुरक्षा के कारण 2022 2.4 करोड़ से भी अधिक लोगों को भोजन के अभाव में भूखे रहना पड़ा था। देखा जाए तो संयुक्त राष्ट्र की रपट इस बात की ओर साफ संकेत करती है कि जैसे-जैसे विश्व की जनसंख्या बढ़ती गई, वैसे- -वैसे लोगों की संख्या में भी लगातार वृद्धि होती गई। भोजन के अभाव पर संयुक्त राष्ट्र की पहली रपट 2016 आई थी, जिसकी तुलना में ताजा रपट में विश्व भर में भूखे लोगों की में चार वृद्धि हो चुकी है। गौरतलब गुना संख्या कि बढ़ती जनसंख्या %जनसंख्या के अनुपात में सभी नागरिकों के भोजन, वस्त्र, आवास, पेयजल, चिकित्सा व्यवस्था, दवाइयां आदि मूलभूत आवश्यकताओं की सरल काम नहीं है। बढ़ती आपूर्ति करना किसी भी सरकार के लिए आबादी के कारण ऊर्जा के विभिन्न स्रोतों है, तेल और प्राकृतिक कोयला, तेल प्राकृतिक गैसों आदि पर भी अत्यधिक दबाव बढ़ गया , जिसे कम कर ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों की तलाश और उपयोग करना जरूरी है। अर्थशास्त्री थामस राबर्ट माल्थस ने सन 1798 में गणितीय रूप से भोजन और मानव जनसंख्या के बीच संबंधों पर विचार करके बाद बताया था कि खाद्य आपूर्ति बढ़ने से जनसंख्या तीव्र गति से बढ़ती है। से बढ़ती है और उपलब्ध संसाधनों धनों को समाप्त कर र देती है. ज़ जसके परिणामस्वरूप मानव पीड़ा बनी रहती है. जब तक कि जनसंख्या को नियंत्रित नहीं किया जाता। 1888 में तत्कालीन वायसराय लार्ड डफरिन ने यह आशंका व्यक्त की थी कि भारत में कृषि उत्पादन कम है और तीव्र जनसंख्या वृद्धि के कारण यहां अकाल पैदा होता है। इसके बावजूद 1871 से 1941 तक भारत की औसत जनसंख्या वृद्धि दर 0.60 फीसद रही, जबकि दुनिया का औसत 0.69 फीसद था। हालांकि बीसवीं सदी के प्रथम दो दशकों में जनसंख्या वृद्धि दर अपेक्षाकृत कम रही। 1931 1931 की जनगणना में सामने आया कि भारत में 1921-1931 के बीच प्रतिवर्ष एक फीसद की दर से जनसंख्या बढ़ी है, सभी चौंक गए, लेकिन 1951 के बाद यह दर लगभग दो फीसद के आसपास पहुंच गई। वैसे 1970 के दशक से देश की जनसंख्या वृद्धि दर में निरंतर गिरावट आई है, जो संभवत: पिछले कुछ दशकों में शिक्षा और स्वास्थ्य के स्तर में किए गए सुधारों का परिणाम है, क्योंकि अब तक जनसंख्या वृद्धि की दर सर्वाधिक उन्हीं क्षेत्रों में पाई गई है, जहां लोग शिक्षित और स्वस्थ नहीं होते। हालांकि यह गिरावट अपेक्षाकृत काफी धीमी रही है आर्थिक सर्वेक्षण के आंकड़ों पर गौर करें तो भारत में वर्ष 1971-81 के बीच 2.5 फीसद रही वार्षिक जनसंख्या वृद्धि की दर 2011 16 के मध्य तक आते-आते 1.3 फीसद रह गई। इसका दूसरा पक्ष यह है कि जनसंख्या बढ़ने और संसाधनों के घटने से देशों पर कर्ज का बोझ भी बढ़ने लगता है। बिजनेस स्टैंडर्ड की एक रपट के अनुसार सितंबर 2023 तक भारत पर कुल कर्ज का बोझ 205 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया था। वहीं, विश्व आर्थिक मंच की 2021 में जारी एक रपट के अनुसार शिक्षा गुणवत्ता में भारत का स्थान नब्बेवां है। जनसंख्या संबंधी संयुक्त राष्ट्र की 15 नवंबर, 2022 को जारी एक रपट के अनुसार 2027 भारत चीन को पछाड़ देगा, जबकि संयुक्त राष्ट्र के आकलन को झुठलाते हुए अप्रैल 2023 में ही चीन को पछाड़ कर भारत दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन गया। फरवरी 2024 में संयुक्त राष्ट्र ने ही अपनी एक अन्य रपट जारी की थी। हालांकि 2011 क । के बाद से भारत में जनगणना नहीं हुई है। बहरहाल, अनियंत्रित जनसंख्या वृद्धि के कारण उत्पन्न बेरोज बेरोजगारी, भुखमरी, ज़ कुपोषण, बीमारी, गरीबी, लाचारी आदि ऐसी समस्याएं हैं, जो किसी भी समाज के नैतिक, सैद्धांतिक, सांस्कृतिक, पारंपरिक और नैष्ठिक ताने-बाने को ध्वस्त कर सकती हैं। हैं। इसके कारण व्यक्तियों का सामाजिक विकास, सांस्कृतिक उत्थान, मानसिक और आध्यात्मिक उन्नयन बाधित अगर र ऐसा हुआ ता बाधित हो सकता है। तो समाज में चारों ओर हिंसा, बलात्कार, भ्रष्टाचार, लूटपाट, चारा, चोरी, झपटमारी, हत्या, आत्महत्या, उग्रवाद और आतंकवाद जैसे अपराधों में बेतहाशा वृद्धि होगी। लोग कानून और लोकलाज की परवाह किए बिना केवल अपने स्वार्थ की पूर्ति में लग जाएंगे। कमोबेश आज ऐसी ही परिस्थितियों से हमारा देश गुजर रहा है। वैसे, जनसंख्या को लेकर भारत के अनुभवों की बात करें तो गांधी को छोड़कर देश के किसी भी प्रधानमंत्री औरचर्य होता है कि इंदिरा प्रधानमंत्री के कार्यकाल में सरकार की ओर से कोई कठोर कदम नहीं उठाए गए, जिससे अनियंत्रित जनसंख्या वृद्धि पर लगाम लगाई जा सके। 7 शायद सर सरकारें जनता को जनता का नाराज करण करने से बचती रही होंगी।

कानून व्यवस्था में सुधार
पेयजल
अघोषित बिजली कटोती बंद करो
प्रदेश सरकार होश में आओ
सरकार होश में आओ
में सुधार करो
ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, मालपुरा
प्रदर्शन

कांग्रेसजनो ने जुलुस निकाल कर लगाए सरकार विरोधी नारे

मूलभूत समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने किया ब्लॉक स्तरीय विरोध प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (नि.स.)। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मालपुरा के तत्वावधान में शुक्रवार को डाक बंगले में पानी बिजली सहित अन्य मूलभूत समस्याओं को लेकर सरकार विरोधी नारेबाजी के साथ जुलुस निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया। ब्लाक कांग्रेस कमेटी मालपुरा अध्यक्ष गोगाराम जाट के नेतृत्व में शहर व ग्रामीण अंचलो से आए कांग्रेस जन अघोषित बिजली कटोती, पेयजल आपूर्ति, बिगड़ी कानून व्यवस्था पानी निकासी की समस्या जैसी आम जन से जुड़ी मूलभूत समस्याऐं लिखी तख्तियां हाथो में लेकर सरकार विरोधी नारे लगाते हुए जुलुस के रूप में रवाना होकर व्यास सर्किल पहुंचे। यहां कांग्रेसजनो ने सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान डीआर छोगालाल गुर्जर, पूर्व डीआर किशनलाल फगोड़िया, उपप्रधान मूलशंकर शर्मा, रामलाल फौजी, पार्षद मोहम्मद हनीफ, मुंशी खां बेलिम, लावा सरपंच कमल जैन, प्रवक्ता कैलाश गुर्जर, धन्नालाल बैरवा, अब्दुल्ला गहलोत, गजेन्द्र बोहरा, मंशाराम स्वामी, भैंरूलाल जाट, इकबाल, श्रवण गुर्जर, नरेन्द्र पुलवारिया, कैलाश बैरवा, बजरंग डोडावता, मनोज सैनी, दुर्गालाल, मुकेश माली, रामबिलास, सुरेश मीणा, जातराम, श्रीराम चौधरी सहित अन्य कई कांग्रेसजन मोजुद रहे।

श्रद्धालुओं को सुविधाऐं व व्यवस्थाऐं देने के लिए समन्वय स्थापित कर करे काम : मेला मजिस्ट्रेट कपिल शर्मा

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (नि.स.)। मालपुरा उपखण्ड के डिग्गी में 11 से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले 59वें लक्खी पदयात्रा मेले को लेकर मेला मजिस्ट्रेट व कार्यवाहक उपखण्ड अधिकारी कपिल शर्मा ने मौका स्थिति का मुआयना कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।

शुक्रवार को मेला मजिस्ट्रेट व उपखण्ड अधिकारी कपिल शर्मा, नायब तहसीलदार डिग्गी सूरजसिंह वर्मा, डिग्गी थाना प्रभारी कप्तान सिंह, ट्रस्टी गिरिराज शर्मा, अहलकार दिनेश शर्मा, पुलिस ग्राम रक्षक सुरेन्द्र कुमार शर्मा सहित ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि हकीम, ग्राम विकास अघिकारी सुरेश चौधरी के साथ श्री कल्याण जी महाराज के मन्दिर परिसर सहित मेले के दोरान श्रद्धालुओं के प्रवेश व निकास द्वार, मेले के दौरान ट्रस्ट व पुलिस की ओर से की जाने वाली सुरक्षा व्यवस्था, साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी लेकर मौका स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान मेला मजिस्ट्रेट ने साथ मौजुद अधिकारियो व ट्रस्टीयो सहित अन्य को निर्देश दिए कि मेले में आने वाले सभी श्रद्धालुओं की सुविधाओं का पूर्ण ध्यान रखा जाए। भीड़ पर नियन्त्रण कर श्रद्धालुओं को आसानी से दर्शन कर वापस बाहर निकलने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मेले से सम्बन्धित व्यवस्थाओं में जुटे सरकारी अधिकारी, कर्मचारी, ग्राम पंचायत प्रशासन सहित ट्रस्ट के पदाधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर सहयोग की भावना रखते हुए व्यवस्थाओं को सुदृढ़ व सही करने का प्रयास करें। मेला मजिस्ट्रेट शर्मा ने निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि मेले के दोरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्थाओं के लिए जिम्मेदारी अधिकारी व कर्मचारी के विरूद्ध नियमानुसार कठोर व कड़ी कार्रवाई की जाएगी जिसके लिए सम्बन्धित स्वयं जिम्मेदार होगें।

जन्म से 21 वर्ष तक बेटी का साथ निभाएगी लाडो प्रोत्साहन योजना, योजना एक अगस्त से लागू

बढ़ता राजस्थान

टोंक,(का.स.)। गरीब परिवार में जन्म लेने वाली बालिकाओं के पालन-पोषण की चिंता माता-पिता को करने की जरूरत नहीं है। अब यह जिम्मेदारी मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने अपने कंधों पर उठा ली है। बालिका जन्म को प्रोत्साहित करने के साथ ही जन्म से लेकर उसके वयस्क होने तक बालिकाओं के समग्र विकास के लिए राज्य सरकार ने लेखानुदान घोषणा (2024-25) के बिंदु संख्या 34 में लाडो प्रोत्साहन योजना लागू करने की घोषणा की है। यह योजना 1 अगस्त से पूरे प्रदेश में लागू हो चुकी है। इस अभिनव योजना में गरीब परिवार की बालिकाओं के जन्म पर 1 लाख रुपए का सेविंग बॉण्ड राज्य सरकार की ओर से दिया जाएगा। गरीब परिवार में जन्म लेने वाली बालिकाओं के पालन-पोषण के साथ ही उनके लिए बेहतर शिक्षा एवं स्वास्थ्य की सुविधाएं सुनिश्चित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

क्या बदलाव लाएगी यह योजना

बालिका के जन्म के साथ ही मां-बाप को उसके लालन-पालन और भविष्य के खर्चों की चिंता होने लगती है। इन चिंताओं की वजह से ही बालिका जन्म को बढ़ावा नहीं मिलता और शिशु लिंगानुपात घटता है। बालिका जन्म एवं शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने लाडो प्रोत्साहन योजना लागू की हैं। योजना से संस्थागत प्रसव को बढ़ावा मिलेगा और मातृ मृत्यु दर के साथ ही बालिका शिशु मृत्यु दर में भी कमी आएगी। साथ ही, बालिकाओं का विद्यालय में नामांकन एवं ठहराव भी बढ़ेगा। माता-पिता उनकी पढ़ाई जल्दी नहीं छुडवाएंगे, जल्दी शादी नहीं करवाएंगे जिससे बाल विवाह में कमी लाने में भी मदद मिलेगी।

लाडो प्रोत्साहन योजना में यह मिलेगा

इस योजना में बालिका के जन्म पर एक लाख रुपए राशि का संकल्प पत्र प्रदान किया जाएगा। बालिका के जन्म से लेकर 21 वर्ष आयु पूरी करने तक राशि का भुगतान 7 किस्तों में डीबीटी के माध्यम में ऑनलाइन किया जाएगा। पहली छह किश्तें बालिका के माता-पिता अथवा अभिभावक के बैंक खाते में तथा 7वीं किश्त बालिका के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से ऑनलाइन हस्तांतरित की जाएगी। राजश्री योजना को लाडो प्रोत्साहन योजना में समाहित करते हुए इस योजना की आगामी किस्त का लाभ पात्रतानुसार लाडो प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत देय होगा।

विभिन्न चरणों में ये राशि देय होगी

पात्र चिकित्सा संस्थानों में संस्थागत प्रसव के तहत बालिका का जन्म होने पर पहली किस्त 2500 रुपए, एक वर्ष की आयु एवं समस्त टीकाकरण होने पर दूसरी किश्त 2500 रुपए, राजकीय विद्यालय या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय में पहली कक्षा में प्रवेश लेने पर तीसरी किश्त 4000 रुपए, छठी कक्षा में प्रवेश लेने पर चौथी किश्त 5000 रुपए, 10वीं कक्षा में प्रवेश लेने पर पांचवी किश्त 11,000 रुपए, 12वीं कक्षा में प्रवेश लेने पर छठी किश्त 25,000 रुपए तथा स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने एवं 21 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 7वीं किश्त 50 हजार रुपए बालिका के खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर होगी।

योजना की पात्रता व प्रक्रिया

योजना की पात्रता के तहत बालिका का जन्म राजकीय चिकित्सा संस्थान अथवा जननी सुरक्षा योजना (जेएसवाय) के लिए अधिस्वीकृत निजी चिकित्सा संस्थान में होना आवश्यक है। साथ ही, प्रसूता का राजस्थान की मूल निवासी होना भी जरूरी है। गर्भवती महिला की एएनसी जांच के दौरान राजस्थान की मूल निवासी होने का प्रमाण-पत्र देना होगा।

सावन महाशिवरात्रि पर्व पर हुआ धार्मिक आयोजन

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (नि.स.)। मालपुरा क्षैत्र के डिग्गी स्थित जाट धर्मशाला स्थित शिवालय में जाट समाज एवं मूलचन्द, रामकिशन, छोटुराम, रामधन जावल्या के सहयोग से सावन मास की पवित्र महाशिवरात्रि के मोके पर सहस्त्रघट का आयोजन हुआ। शुक्रवार को पं. भंवरलाल, अरविन्द शर्मा, राजाराम पारीक, पं. श्रीराम व पं. उमाशंकर के पावन सानिंघ्य व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सावन मास की महाशिवरात्रि के मौके पर भगवान शंकर का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक व पंचामृत अभिषेक कर सहस्त्रघट का आयोजन किया गया। जिसके चलते धर्मशाला परिसर में दिन भर वैदिक मंत्र गूंजते रहे। इस दौरान पर्यावरण प्रेमी भामाशाह बी.एल.चौधरी देशमां, जाट समाज विवाह समिति अध्यक्ष उम्मेदसिंह दगोलिया, जाट धर्मशाला समिति मंत्री रामकरण बुगालिया, किशनलाल लाम्बा, सत्यनारायण सरूडिया, कैलाश निराठारवाल, दुर्गाशंकर चौधरी सहित अन्य कई समाजबंधु व श्रद्धालु मौजुद रहे। अंत में महाप्रसादी का वितरण किया गया।

विश्व स्तनपान दिवस मनाया

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (नि.स.)। रोटरी क्लब मालपुरा सिटी द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय स्तन पान दिवस पर विशेषज्ञ चिकित्सको ने महिलाओं को स्तन पान के महत्व के बारे में जानकारी दी। विश्व स्तन पान दिवस के मौके पर शुक्रवार को सहायक प्रान्तपाल डॉ. अकिंत जैन के निर्देशन में व क्लब अध्यक्ष डॉ. राकेश जैन की मौजुदगी में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. आस्था जैन, डॉ. उज्जवल जैन, ने मां के दूध के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी देकर महिलाओं से शिशु को छ माह तक मां के दूध का सेवन कराने की सलाह दी। डॉ. आस्था जैन ने बताया कि मां का दूध में रोग प्रतिरोधयक व पोषण क्षमता अधिक होती है। मां का दूध शिशु के लिए पचाना बहुत आसान होता है। इसमें एंटीबाडीज होता है जो शिशु को रोगो व संक्रमण से बचाते हैं। मा का दूध शिशु के विकास के लिए वसा, चीनी, प्रोटीन और विटामीन की पूर्ति करता है। साथ शिशु का स्वस्थ वजन बढ़ाने में भी सहायक होता है।

नब्बे हजार पौधो का वितरण पूर्ण

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (नि.स.)। बी.एल.चौधरी चेरिटेबल ट्रस्ट के निदेशक भामाशाह बी.एल. चौधरी देशमां द्वारा मालपुरा क्षेत्र में एक लाख पौधो के वितरण के विपरीत अब तक नब्बे हजार पौधो का वितरण पूर्ण हो चुका है। भामाशाह बी.एल. देशमां ने बताया कि पांच जुलाई से शुरू किए पौधा महावितरण अभियान के तहत ट्रस्ट व उनके द्वारा गटित टीमो ने दिन रात कड़ी मेहनत कर मालपुरा क्षैत्र के प्रत्येक गांव ढाणी पहुंच कर विद्यालयो, आंगनबाड़ी केन्द्रो सहित अन्य सार्वजनिक स्थानो पर पौधे वितरण का कार्य किया है। इस वितरण कार्यक्रम में अब तक लगभग 90 हजार पौधे वितरित किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि पौधे वितरण के समय ही विद्यालयो के शिक्षको, आंगनबाड़ी केन्द्रो के कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीणजनो को पौधे प्रदान कर उनको लगाने में उनकी टीम के सदस्यो ने पूर्ण सहयोग किया है। साथ ही पौधे लगाने के बाद मोजुद लोगो को पौघे बड़े होने तक इनको पूर्ण सरंक्षण प्रदान करने का संकल्प भी दिलाया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को लावा, गणेशपुरा, नया गांव, बालापुरा सहित आसपास के अन्य कई गांव ढाणियो में महाअभियान के अन्तर्गत पौधे वितरित किए गए।

भारी बारिश की संभावना को देखते हुए कक्षा 1 से 12वीं तक के विद्यार्थियों का शनिवार को अवकाश घोषित

बढ़ता राजस्थान

टोंक, (का.स.)। जिले में भारी बारिश एवं बाढ़ की संभावना को ध्यान में रखते हुए जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने शनिवार, 3 अगस्त को समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 12 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित किया है। जिला कलेक्टर ने बताया कि विद्यालय में शिक्षक एवं अन्य स्टाफ विभागीय समय अनुसार उपस्थित रहेंगे।

गोवर्धनपुरा व बस्सी में भेरुजी महाराज का मेला आज से

बढ़ता राजस्थान

निवाई(का.स.)। गोवर्धनपुरा व बस्सी गांव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हरियाली अमावस्या को भेरुजी महाराज का मेला बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। जनसेवक ज्ञानचंद कसाना गोवर्धनपुरा व बलराम खटाना ने बताया कि मेले को लेकर शनिवार को संपूर्ण रात्रि भजन संध्या होगी व रविवार को बगड़ावत गोठ गायन कार्यक्रम सहित कई अनुष्ठान आयोजित होंगे। मेले में आसपास के कई गांवों के लोग भाग लेंगे।

नदी में डूबने से बालिका की हुई मौत सवा 3 घंटे की मशक्कत के बाद निकाला शव

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। गांव संग्रामपुरा की आट की ढाणी में गुरूवार को एक 8 वर्षीय बालिका नदी में बह गई। जिसका शव शुक्रवार को तीन घंटे की मशक्कत के बाद एसडीआरएफ के जवानों ने ढूंढ निकाला। बालिका का शव देखते ही मृतका की मां बेहोश हो गई और ननिहाल व उसके परिवार में कोहराम मच गया। दतवास थानाधिकारी हेमन्त जनागल ने बताया कि सरिता वर्मा उम्र 8 वर्ष पुत्री लक्ष्मण रैगर निवासी गोठड़ा लाखनपुर तहसील बौंली अपने ननिहाल आट की ढाणी ललवाडी में रहती है। वह गुरूवार को बकरियां चराने के लिए नदी पर गई थी। वापस नहीं लौटने पर उसके पिता लक्ष्मण रैगर, मां कैलाशी देवी, नाना केदार नगर, नानी प्रभु देवी, मामा राजाराम व ग्रामीण बालिका को नदी क्षेत्र में ढूंढने के लिए पहुंचे जिन्हें बालिका की नदी किनारे चप्पलें खुली हुई दिखाई दी। इस पर उन्हें सरिता के नदी में बह जाने की आशंका हुई।

उन्होंने तत्काल दतवास थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थानाधिकारी मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे और उच्चाधिकारियों को सूचना दी। थानाधिकारी ने एसडीआरएफ को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस उपाधीक्षक मृत्युंजय मिश्रा, तहसीलदार नरेश गुर्जर व एसडीआरएफ के जवान मौके पर पहुंचे और नदी में तलाशी अभियान शुरू किया। थानाधिकारी हेमन्त जनागल ने बताया कि शुक्रवार को सवा 3 घंटे की मशक्कत के बाद करीब 5 बजे बालिका का शव नदी में से निकाला गया।

उन्होंने बताया कि शव को कब्जे में लेकर राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय निवाई पोस्टमार्ट करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

जिला कलेक्टर ने किया उपखंड क्षेत्र पीपलू का दौरा, अधिकारियों को दिए अलर्ट रहने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

टोंक, (का.स.)। जिले में पिछले दो दिन से हो रही बारिश से उत्पन्न हुए हालातों का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को भी जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने उपखंड क्षेत्र पीपलू का दौरा किया। उन्होंने गुरुवार रात टूटे बोरखंडीकलां लघु बांध के मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया। ग्रामीण सुखलाल, सोहन एवं श्योजी ने बताया कि बांध टूटने पर उपखंड प्रशासन ने बचाव एवं राहत की त्वरित कार्यवाही की। इसके बाद जिला कलेक्टर ने बगड़ी रोड़ पर स्थित मासी रपटे पर जल बहाव एवं हालातों को देखा। उन्होंने तहसीलदार इंद्रजीत चौहान को रपटे पर अधिक पानी को देखते हुए लोगों के आवाजाही को दोनो तरफ से रोकने के निर्देश दिए। साथ ही, मौके पर मौजूद जल संसाधन के कनिष्ठ अभियंता मुकेश गुर्जर को छोटे-बड़े बांधों में जल आवक पर निरंतर निगरानी रखने के निर्देश दिए।

तेज बारिश के चलते गुंसी की मालियो की ढाणी का टूटा एनिकट

बढ़ता राजस्थान

निवाई/गुंसी(का.स.)। क्षेत्र में पिछले दो दिन से हो रही तेज बारिश के चलते गांव गुंसी की मालियो की ढाणी के पास बना एनिकट गुरुवार की रात टूट गया। हालांकि इसके टूटने की शुरुआत इसी जगह एक दिन पहले ही हो चुकी थी। लेकिन पंचायत प्रशासन ने कोई ठोस उपाय नहीं किए जिसके कारण गुरुवार को यह पूरी तरह से टूट गया और सारा पानी बहकर निकल गया। शुक्रवार को पूरा दिन निकलने के बाद भी पंचायत प्रशासन ने कटाव को बंद करने का प्रयास नहीं किया है। ग्रामीणों ने बताया कि यह एनिकट मालियों की ढाणी, मनमोहनपुरा, बासड़ा व गुंसी के मवेशियों के लिए पीने के पानी का एकमात्र स्त्रोत है। इसके भर जाने के बाद आसपास के कुओं का जल स्तर भी बढ़ा हुआ रहता है।

बीसलपुर से झिराना के लिए कांवड़ यात्रा रवाना : 4 अगस्त को झिराना पहुंचेंगे कावड़िए, पवित्र जल से करेंगे केदारेश्वर महादेव का अभिषेक

बढ़ता राजस्थान

निवाई/पीपलू(का.स.)। श्री श्याम सखा परिवार झिराना के तत्वावधान में बीसलपुर गोकर्णेश्वर मंदिर से कांवड़ में जल लेकर एक दर्जन कावड़िएं झिराना के लिए रवाना हुए। संयोजक ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि छठी कावड़ यात्रा 4 अगस्त रविवार को झिराना पहुंचेगी। जहां कांवडियो के झिराना में प्रवेश के साथ जगह-जगह माला पहनाकर, फूलों की वर्षा करके श्रद्धालुओं व ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद रामधुनी मंडल के साथए भक्ति भजन, ढोल नगाड़ों के साथ कांवड़ यात्रा तेजाजी मंदिर से जुलूस के रूप में रवाना होगी। कांवड़ यात्रा के दौरान बम-बम भोले और हर-हर महादेव, ऊं नमः शिवाय की गूंज व सजीव झांकियों के साथ श्रद्धालु व कावड़िएं झूमते हुए उत्साह व आस्था के साथ केदारेश्वर मंदिर पहुंचेंगे। जहां पर कांवड़ में लाए गए जल से भोलेनाथ का मंत्रोच्चार के साथ जलाभिषेक किया जाएगा। कावड़ यात्रा में हरिओम नामा, कैलाश माली, टीकम साहू, कजोड़ माली, शिवराज पांचाल, सुशील स्वामी, हरिनारायण जाट व रमेश प्रजापत सहित कई श्रद्धालु मौजूद है।

पीपलू क्षेत्र में बारिश का कहर, बगडी रोड पर पानी के बहाव मे 2 पिकअप पलटी

बढ़ता राजस्थान

निवाई/पीपलू(का.स.)। उपखंड क्षेत्र में बुधवार देर रात से ही भारी बारिश होने के कारण चारो तरफ पानी ही पानी हो जाने से पीपलू उपखंड टापू बन गया है।

गुरुवार देर रात बगडी रोड पर ज्यादा पानी आने से 2 पिकअप पलट गई हादसे में किसी को कोई चोट नही लगी है। पीपलू उपखंड से नाथडी, काशीपुरा, देवपुरा, मोहम्मदनगर व बगडी सहित गांवो का संर्पक टूटा हुआ है। काशीपुरा रपटा पर पानी आ जाने से महात्मा गांधी विद्यालय के बच्चे स्कूल नही जा पा रहे है। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर मे पानी भर जाने से भवन मे रखी करीब दस हजार किताबे खराब हो गई है। कस्बे में भारी बारिश होने से आमजन को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। कस्बे में जगह-जगह पानी भरा हुआ है। कहीं जगह कच्चे मकानों में पानी भर गया है जिसके चलते ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है।

त्रिमूर्ति मानसून रन का आयोजन 4 अगस्त को

फिटनेस दौड़ में 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 5 किलोमीटर के होंगे विकल्प

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (नि.स.)। त्रिमूर्ति मानसून रन के आठवें संस्करण का आयोजन 4 अगस्त को दोस्ती के अवसर फ्रेंडशिप डे पर कुकस स्थित लोहागढ़ रिसोर्ट में किया जाएगा। इस इवेंट में 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 5 किलोमीटर की दौड़ शामिल की गई है। इस मेगा इवेंट का आयोजन त्रिमूर्ति बिल्डर्स और जयपुर रनर्स क्लब द्वारा जीसीएल और बियानी कॉलेज के सहियोग से किया जाएगा। वहीं, बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता पं. सुरेश मिश्रा कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस आयोजन को करने के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया है।त्रिमूर्ति मानसून रन का उद्देश्य मानसून के मौसम में प्रकृति के साथ दोस्ती और बेहतर जीवनशैली को विकसित करना है। यह आयोजन स्वास्थ्य और फिटनेस के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल साबित होगा क्योंकि रनिंग के दौरान प्रतिभागी कुकस के जंगलों में पौधों के बीज गिराते हुए दौड़ते नजर आएंगे। इस इवेंट में शहर के विभिन्न हिस्सों से लोग शामिल होंगे। मेगा इवेंट के पहले सी-स्कीम स्थित त्रिमूर्ति डिविनिटी में शुक्रवार और शनिवार को %बीब वितरण% यानी प्रतिभागियों को रनिंग नंबर वितरण किए जा रहे हैं। बता दें कि शुक्रवार को सुबह 11 से शाम 5 बजे तक रनिंग किट्स बांटे गए और शनिवार को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक बीब वितरण होगा।गौरतलब है कि इवेंट के तहत प्री-इवेंट्स भी आयोजित किए जा चुके हैं। इन आयोजनों में नियमित दौड़, योग और अन्य शारीरिक गतिविधियाँ को महत्वपूर्ण रूप दिया गया।

गोविंद देवजी मंदिर में 12 अगस्त से शुरू होगा कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव

मंदिर परिसर में 26 अगस्त को मनाया जाएगा जन्माष्टमी उत्सव

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (नि.स.)। आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी 26 अगस्त को धूमधाम से मनाई जाएगी। 15 दिवसीय इस धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ 12 अगस्त से होगा। 12 अगस्त से मंदिर परिसर में अलग-अलग दिन भजन कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जन्माष्टमी पर्व के दौरान मंदिर परिसर में प्रतिदिन अलग-अलग कई झांकियां सजाई जाएगी। वहीं 27 अगस्त को नन्दोत्सव और शाम को शोभायात्रा निकाली जाएगी।

ये होगा झांकियों का समय

जन्माष्टमी पर्व पर 12 अगस्त से 25 अगस्त तक मंगला झांकी सुबह 5 बजे से सवा 5 बजे तक रहेंगा। वहीं धूप झांकी सुबह पौने 7 से लेकर 9 बजे तक रहेगा। श्रृंगार झांकी का समय साढ़े 9 बजे से लेकर सवा 10 बजे रहेगा। राजभोग झांकी सुबह पौने 11 से लेकर सवा 11 बजे तक रहेगा। ग्वाला झांकी शाम 5 बजे से सवा 5 बजे तक सजाई जाएगी। सध्या झांकी शाम पौने 6 बजे से लेकर शाम पौने 7 बजे तक रहेगी। वही उत्सव दर्शन शाम 7 से रात साढ़े 8 बजे तक रहेगे। इसी के साथ शयन आरती रात 9 बजे से लेकर सवा 9 बजे तक रहेगा।

जयपुर की 100 से अधिक सामाजिक, नागरिक एवं व्यापारिक संस्थाओं ने कलराज मिश्र का किया नागरिक अभिनन्दन

नागरिक अभिनन्दन समारोह में भावुक हुए कलराज मिश्र

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (नि.स.)। राजस्थान प्रदेश की जनता ने मुझे अभूतपूर्व प्यार और स्नेह दिया है। मुझे अपने सार्वजनिक जीवन में एक लंबा सफर तय करने का अवसर मिला । मै विधायक रहा, सांसद रहा, केन्द्रीय मंत्री रहा लेकिन राजस्थान की जनता ने राज्यपाल के रूप में जो अपनापन दिया वो अविस्मरणीय है और इस प्यार, स्नेह का जीवन भर याद रखूंगा। राजस्थान प्रदेश के लोग जिस किसी को भी चाहते हैं, तो उसे पूरा अपनाते हैं। मैं जब राज्यपाल बनके राजस्थान में आया तो प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों, मंदिरों और प्रमुख संस्थानों में जाने का अवसर मिला। यहां जो अपनापन और मान सम्मान मिला और मेरे जीवन की धरोहर है। ये विचार आज होटल क्लार्क्स आमेर में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में राजस्थान के निवर्तमान राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहे। संस्कृति युवा संस्था और जयपुर नागरिक अभिनन्दन समारोह समिति की और से आयोजित नागरिक अभिनन्दन समारोह में जयपुर की सामाजिक, नागरिक, व्यापारिक एवं धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी बडी संख्या में एकत्रित हुए और 100 से अधिक संस्थाओं ने कलराज मिश्र का अभिनन्दन, स्मृति चिन्ह, कॉल, दुपट्टा, माला इत्यादी देकर किया। साथ ही संविधान पार्क की प्रशंसा की।

संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने कहा कि कलराज मिश्र ने अपने कार्यकाल में प्रदेश की जनता को भरपूर स्नेह और सम्मान दिया साथ ही कोविड के समय अभूतपूर्व काम किया। श्री कलराज मिश्र जी ने संविधान पार्क की स्थापना राजभवन में और प्रत्येक विश्वविद्यालय में कर अभूतपूर्व कार्य किया है। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक बी.एम. शर्मा ने कहा कि आपने राज्यपाल बनते ही राजभवन के दरवाजे आमजन के लिए खोल दिये और संविधान पार्क की स्थापना कर अभूतपूर्व कार्य किया है। इस अवसर पर वर्ल्ड ट्रेड पार्क के चेयरमैन अनूप बरतरिया ने भी कलराज मिश्र की भूरि भूरि प्रशंसा की है। इस अवसर पर संस्कृति युवा संस्था के संरक्षक एच.सी. गणेशिया ने अंत में धन्यवाद ज्ञापित किया है।

आरआईएसएल और ईईएसएल के बीच अनुबंध से राजस्थान में ऊर्जा संरक्षण को प्रोत्साहन मिलेगा

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (नि.स.)। एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईई एस एल, विद्युत मंत्रालय के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की संयुक्त उद्यम कंपनी) और राजकॉम्प इन्फो सर्विसेज लिमिटेड (आरआईएसएल, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, राजस्थान सरकार के अधीन) ने एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस सहयोग का उद्देश्य पूरे राज्य में ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देना और ई-मित्र तंत्र द्वारा ऊर्जा दक्ष उपकरणो की उपलब्धता को बेहतर बनाना है।

ईईएसएल के सीईओ विशाल कपूर ने कहा की, हम राजस्थान के लोगों तक अपने ऊर्जा-कुशल समाधान पहुंचाने के लिए आरआईएसएल के साथ साझेदारी से उत्साहित एवं आशापूर्ण हैं। हमारा उद्देश्य उपभोक्ताओं के लिए एक ऐसी प्रणाली का निर्माण करना है जिससे वो नयी ऊर्जा दक्ष तकनीकों तक आसानी से पहुंच के उसका लाभ उठा सकें, जो न केवल उनकी ऊर्जा लागत कम करेगी बल्कि एक स्वच्छ वातावरण में भी योगदान देगी। यह अनुबंध ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने और जलवायु परिवर्तन से लड़ने के ईईएसएल के लक्ष्य में सहयोगी है । हमारा मानना है कि राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम करने और डिजिटल प्लेटफॉर्म का लाभ उठाकर, हम ऊर्जा-कुशल उपकरणों को अपनाने में तेजी ला सकते हैं और सभी के लिए एक पर्यावरण अनुकूल भविष्य बना सकते हैं। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग राजस्थान सरकार के तकनीकी निदेशक रामेश्वर लाल सोलंकी ने कहा, आरआईएसएलके 80 हजार से अधिक ई-मित्र के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से अपने भागीदारों का समर्थन करने में सशक्त रहा है। ईईएसएल के साथ अपने पिछले सहयोग में, ई-मित्र ने लगभग 80 लाख एलईडी बल्ब की बिक्री की सुविधा प्रदान की थी, जिसका मूल्य लगभग 57 करोड़ रुपये था । अब ईईएसएल द्वारा अधिक और नए ऊर्जा-दक्ष उपकरणों की श्रृंखला के साथ, इस नई साझेदारी से सभी हितधारकों के लिए महत्वपूर्ण योगदान की आशा है। इस अनुबंध से नागरिकों को ईईएसएल के शीर्ष ऊर्जा-कुशल उत्पादों को न्यूनतम संभव कीमतों पर आसानी से प्राप्त कराने में सहयोग प्राप्त होगा । यह अनुबंध आरआईएसएल और ईईएसएल के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

पूर्व राज्यपाल ने गोविंद देवजी मंदिर सहित खोले के हनुमान जी मंदिर के किए दर्शन

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (नि.स.)। राजस्थान के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र शुक्रवार को गोविंद देवजी मंदिर और खोले के हनुमान जी मंदिर पहुंच कर देव दर्शन किए। कलराज मिश्र ने गोविंद देवजी मंदिर में ठाकुरजी के दर्शन कर चौखट पूजन करने के बाद ठाकुर जी का आशीर्वाद लिया। इसी दौरान मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने उन्हे ठाकुरजी की माला और दुप्पटा व शॉल ओढाकर उनका अभिनंदन किया। जिसके पश्चात कलराज मिश्र दिल्ली रोड स्थित खोले के हनुमान जी मंदिर पहुंचे। जहां पर उन्होंने हनुमान जी महाराज के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा अर्चना की। जिसके पश्चात उन्होंने प्रदेश की जनता की खुशहाली के कामना की। श्री नरवर आश्रम सेवा समिति के महामंत्री ब्रजमोहन शर्मा ने कलराज मिश्र को माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। वहीं नरवर आश्रम सेवा समिति के अध्यक्ष गिरधारी लाल ने शॉल और माल्यार्पण कर उन्हे हनुमान जी महाराज की फोटो भेंट की। मंदिर आचार्य पवन कुमार शर्मा ने मंत्रोच्चारण के साथ सबसे पहले गणेश जी महाराज की पूजा-अर्चना करवाई। जिसके पश्चात श्री राम व श्री हनुमंत पूजा संपन्न करवाई।

सीके बिरला हॉस्पिटल्स ने लॉन्च किया ऑस्टियोपैथी क्लिनिक

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (नि.स.)। सीके बिरला हॉस्पिटल्स ने आधुनिक 'ऑस्टियोपैथी क्लिनिक' का लॉन्च किया है, जो मरीज़ों को नॉन-इनवेसिव उपचार उपलब्ध कराकर उनके स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करेगा। सीएमआरआई, कोलकाता में स्थित यह क्लिनिक मरीज़ों को व्यापक ऑस्टियोपैथिक देखभाल उपलब्ध कराएगा, जिसमें शरीर की भीतरी क्षमता खुद अपने आप को ठीक करने के लिए प्रेरित करती है। ऑस्टियोपैथी दवाओं से रहित, समग्, नॉन-इनवेसिव मैनुअल थेरेपी है, जो मस्कुलोस्केलेटल ढांचे में सुधार लाकर व्यक्ति के समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है। यह उपचार शरीर की संरचना और कार्यों के बीच के तालमेल को मजबूत बनाकर शरीर के तंत्रिका, परिवहन एवं लसिका तंत्र (नर्वस, सर्कुलेटरी एवं लिम्फेटिक सिस्टम) पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करता है। यह कई क्रोनिक एवं एक्यूट बीमारियों को ठीक करता है और शरीर की प्राकृतिक उपचार क्षमता बढ़ाकर क्रोनिक बीमारियों की रोकथाम में भी कारगर है। इसमें कई तरह की तकनीकें जैसे हल्का प्रेशर, स्ट्रैचिंग और रेज़िस्टेन्स का इस्तेमाल किया जाता है।अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त एवं सीएमआरआई के कन्सलटेन्ट, जुआन गुइलोन ने कहा, ''सीके बिरला हॉस्पिटल्स ने समग्र स्वास्थ्य देखभाल में अपनी विरासत को बनाए रखते हुए ऑस्टियोपैथी क्लिनिक का लॉन्च किया है। ऑस्टियोपैथिक उपचार नर्वस सिस्टम में सुधार लाता है, मस्कुलोस्केलेटल सिस्टम को संतुलित करता है और सर्कुलेशन को अनुकूल बनाकर शरीर के विभिन्न कार्यों में तालमेल को सुनिश्चित करता है। ऑस्टियोपैथी पारम्परिक उपचार की पूरक है और बेहतर परिणाम देती है। इस अवससर पर सोमब्रता रॉय, युनिट हैड, सीएमआरआई ने कहा, ''हमारा नया ऑस्टियोपैथी क्लिनिक मरीज़ों को समग्र एवं उत्कृष्ट उपचार उपलब्ध कराने की हमारी क्षमता को और अधिक मजबूत बनाएगा। हमें विभिन्न स्पेशलटीज़ में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने तथा उपचार के प्रति समग्र दृष्टिकोण के लिए जाना जाता है।सीएमआरआई में ऑस्टियोपैथी क्लिनिक उपचार के प्रभावी विकल्प उपलब्ध कराएगा। यह उपचार की व्यक्तिगत योजनाओं एवं विभिन्न तकनीकों से मरीज़ों के दर्द और असहजता के कारण को जड़ से दूर करेगा।

ठेका कर्मियों ने आरएलएसडीसी की मांग को लेकर शहीद स्मारक पर किया प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (नि.स.)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के नेतृत्व में प्रदेश के सभी विभागों और निगमों के हजारों ठेका कर्मचारियों ने आरएलएसडीसी के गठन की मांग को लेकर शहीद स्मारक पर प्रदर्शन किया और मुख्य सचिव को अपनी मांगों का ज्ञापन सोपा। महासंघ (एकीकृत) के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार ने ठेका कर्मियों को शोषण से मुक्त करने के लिए बजट घोषणा 2023 में ठेका प्रथा के शोषण से मुक्त करने के लिए रेक्सको की तर्ज पर ठेका कर्मचारियों को राजस्थान लॉजिकल सर्विस डिलीवरी कॉरपोरेशन (आरएलएसडीसी) के गठन की घोषणा की थी। लेकिन इसकी अधिसूचना को आज तक जारी नहीं किया है। राठौड़ ने कहा कि केंद्र सरकार जहां गरीब जनता और छोटे कर्मचारियों का पैसा सीधे ही उनके खातों में भुगतान कर उन्हें बिचौलियों से मुक्त कर रही है। वहीं राज्य सरकार इन बिचौलिये ठेकेदारों को पनपा रही है। जो इन ठेका कर्मियों का शोषण कर रहे हैं। राठौड़ ने बताया की कर्मचारियों के इन ठेकेदारों को राज्य सरकार से 17 हजार रुपये से 30 हजार रुपये प्रति ठेका कर्मी बजट आवंटित होता है। लेकिन उन ठेका कर्मचारियों को मात्र 5 हजार रूपये से 7 हजार रुपये रुपए का ही भुगतान किया जाता है। विरोध करने पर उन्हें निकालने की धमकी दी जाती है। राठौड़ ने मुख्यमंत्री से मांग की है की बजट घोषणा- 2023 की क्रियान्विति में आरएलएसडीसी के गठन की अधिसूचना शीघ्र जारी कर इन ठेका कर्मियों को ठेकेदारों के चंगुल से मुक्त किया जाए। सभा में ठेका कर्मचारियों के अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने कहा कि कई विभागों में ठेकेदारों के द्वारा 10 वर्ष से भी अधिक समय से कार्य कर रहे ठेका कर्मियों को अचानक निकाला जा रहा है। गुर्जर ने कहा कि इस विरोध प्रदर्शन में शामिल चिकित्सा, पंचायती राज , सचिवालय, जन स्वास्थ्य , ऊर्जा विभाग, आबकारी, कोष, स्वायत्त शासन, शिक्षा विभाग, कृषि एवं लेखा विभाग सहित राज्य के सभी सरकारी , बोर्ड, निगम एवं आयोग के कर्मचारी शामिल हुए हैं। सभा को जिन कर्मचारी नेताओं ने संबोधित किया उनमें महासंघ (एकीकृत) के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ के अलावा नाथू सिंह गुर्जर, शैलेंद्र कुमार शर्मा, राजेश शर्मा, अशोक मीणा जीवन सेजवाल, एहतराममुद्दीन, संजय कुमावत, मुकेश बागड़, अजय लाखन, राहुल शर्मा, पप्पू राम गुर्जर एवं विजेंद्र जाखड़ आदि शामिल है।

सैकड़ो जलदाय कर्मचारियों ने स्व नेता की याद में किया रक्तदान

रक्तदान शिविर में 156 रक्त हुआ संग्रहण

बढ़ता राजस्थान

स्व. श्री मांगीलाल जी शर्मा
31वी पुण्यतिथि पर

जयपुर (नि.स.)। जलदाय विभाग के सैकड़ो कर्मचारियों एवं खिलाड़ियों ने शुक्रवार को समाज सेवकों के साथ मिलकर समूह में जवाहर नगर स्थित जनउपयोगी भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। ये शिविर पीएचईडी स्पोर्टस क्लब सहित जलदाय कर्मचारी संघ के तत्वावधान में संपन्न हुआ। ये शिविर जलदाय विभाग के प्रथम लोकप्रिय कर्मचारी नेता स्व श्री मांगी लाल शर्मा की 31वीं पुण्यतिथि पर आयोजित किया गया। शिविर में 156 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। जलदाय कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह शेखावत जिला अध्यक्ष ताराचंद सैनी कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष केदार शर्मा महामंत्री राजेन्द्र सिंह सोलंकी उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह ने बताया कि हमारे लोकप्रिय कर्मचारी नेता रहे स्वर्गीय मांगीलाल शर्मा की पुण्यतिथि पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल रक्तदान शिविर एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के समस्त जलदाय कर्मचारी ने भारी संख्या में भाग लिया और उनकी याद में रक्तदान कर श्रद्धांजलि दी कार्यक्रम में राष्ट्रीय कार्यकारिणी भाजपा सदस्य डॉ अरुण चतुर्वेदी भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी पूर्व श्रम मंत्री जगदीश राज श्रीमाली राजनीति के पूर्व मंत्री चन्द्रराज सिंघवी भाजपा नेता आशीष मेहता नीरज अग्रवाल महेंद्र पहाड़िया सहित सैकड़ों जलदाय अभियन्ता मंत्रालय वर्ग तकनीकी कर्मचारी सहित सैकड़ो लोगो ने भाग लिया। इस मौके पर लोकप्रिय नेता स्वर्गीय मांगीलाल शर्मा की पुण्यतिथि पर पौधारोपण भी किया गया कर्मचारी संघ ने घोषणा की की संपूर्ण प्रदेश में विभिन्न चलता है कार्यालय में शर्मा की याद में पौधारोपण किया जाएगा इस मौके पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह शेखावत प्रदेश कार्यालय मंत्री जगदीश प्रसाद गुप्ता जयपुर वृत अध्यक्ष मोहनलाल पालीवाल ने रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र वी दुपट्टा पहन कर सम्मानित किया।

जयपुर में फोटोग्राफी महाकुंभ सजेगा : वर्ल्ड फोटोग्राफी डे पर डिस्प्ले होंगी 200 से अधिक फोटोग्राफर्स की 300 से ज्यादा तस्वीरें

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (नि.स.)। राजस्थान फोटो फेस्टिवल के तहत जयपुर में नजर फोटो एग्जीबिशन का तीसरा सीजन वर्ल्ड फोटोग्राफी डे पर 23,24,25 अगस्त तक 3 दिवसीय आयोजन जवाहर कला केंद्र में किया जा रहा है। यह जयपुर का सबसे बड़ा फोटोग्राफी का महाकुंभ होगा, जिसमें की 200 से अधिक फोटोग्राफर भाग लेंगे। 300 से अधिक तस्वीरें डिस्प्ले होगी। इसमें राजस्थान से बीकानेर, अलवर, जोधपुर, अजमेर,सीकर,उदयपुर, और लखनऊ, सतना, इंदौर, हिमाचल, मुंबई, पंजाब, दिल्ली से इंटरनेशनल एंट्री से इंग्लैंड, स्पेन, यूनाइटेड किंगडम, आसट्रिया, बहरीन,दुबई,सिंगापुर, कजाकिस्तान, साउथ अफ्रीका से भी फोटोग्राफर भाग ले रहे हे। और इसमें राजस्थान के जाने-माने हस्तियां भी सम्मिलित होंगे, जिसमें आईएएस, आईपीएस, जिला कलेक्टर, आरएस, आईएफएस अधिकारी व भी अपनी तस्वीरें प्रदर्शित करेंगे।

तीज उत्सव 4 अगस्त को: तीन सौ महिलाएं रंग रंगीलो लहरियों ,आई सावन री तीज उत्सव में होगी शामिल

पहली बार तीज उत्सव में महिलाएं लगाएंगी पौधे, देखभाल करने का लेंगी संकल्प, राहुल द्विवेदी ने तीज उत्सव पोस्टर का किया विमोचन

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (नि.स.)। शिल्पी फाउंडेशन की ओर से 'रंग रंगीलो लहरियो, आई सावन री तीज' तीज उत्सव 4 अगस्त को गोपालपुरा बाईपास स्थित होटल ग्रैंड सफारी में मनाया जाएगा। पर्यावरण, वन, जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद के चेयरमैन राहुल द्विवेदी ने शुक्रवार को जवाहर कला केंद्र में उत्सव का पोस्टर विमोचन किया। फाउंडेशन की डायरेक्टर शिल्पी अग्रवाल ने बताया कि राजस्थानी संस्कृति को बढ़ाने और महिला सशक्तिकरण को मंच प्रदान करने के लिए तीज उत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वित्त मंत्री दीया कुमारी होंगी। इस अवसर पर वे महिलाओं को राजस्थान की अनोखी परंपराओं से अवगत कराएंगी। उत्सव में 300 से अधिक महिलाएं हिस्सा लेंगी और राजस्थानी लोक संस्कृति को प्रस्तुत करेंगी। सभी महिलाएं राजस्थानी पारंपरिक वेशभूषा लहरिया और आभूषण में सजी-धजी शामिल होंगी। इस अवसर पर विभिन्न मनोरंजन प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। परिषद के चेयरमैन राहुल द्विवेदी ने बताया कि उत्सव में पहली बार राजस्थानी संस्कृति को प्रमोट करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया जाएगा। उत्सव में सभी महिलाएं एक पौधा भी लगाएंगी और उस पौधे की ताउम्र देखभाल करने का संकल्प भी लेंगी। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम प्रीति कुलश्रेष्ठ, कमलेश सोनी, मनीषा गुप्ता, कुलदीप सुरोलिया,दीपक शर्मा,साहिल शर्मा, उपस्थित रही।

श्री राजपूत सभा जयपुर ने समाज के विधायकों का किया स्वागत-सम्मान

तहसील स्तरों पर छात्रावासों की आवश्यकता के मद्देनजर भूमि आवंटित करने की उठी मांग

बढ़ता राजस्थान

चाकसू (गिरिराज प्रसाद शर्मा)। श्री राजपूत सभा जयपुर के द्वारा शुक्रवार को सांय 06:00 बजे स्वागत-सम्मान समारोह आयोजित कर राजपूत विधायकों का स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान श्री राजपूत सभा की कार्यकारिणी ने विधायकों को बुके, मालाएं, साफे - शॉल एवं मोमेंटो भेंट कर भव्य स्वागत किया गया।

अतिथि गणों में राजेन्द्र सिंह राठौड़ पूर्व नेता प्रतिपक्ष, श्रवण सिंह बगड़ी प्रदेश महामंत्री भारतीय जनता पार्टी राजस्थान, प्रेम सिंह बाजौर अध्यक्ष सैनिक कल्याण बोर्ड राजस्थान सरकार, महंत श्री प्रतापपुरी जी विधायक पोखरण, सुरेन्द्र सिंह राठौड़ विधायक कुंभलगढ़, हमीर सिंह भायल विधायक सिवाना, चन्द्रभान सिंह चौहान विधायक चित्तौड़गढ़, बाबू सिंह राठौड़ विधायक शेरगढ़, छोटू सिंह भाटी विधायक जैसलमेर, मनोज न्यांगली विधायक शादुलपुर,

श्रीमती कल्पना देवी विधायक लाडपुरा, विश्वराज सिंह मेवाड़ विधायक नाथद्वारा, वीरेन्द्र सिंह कानावत विधायक मसूदा, विक्रम सिंह जाखल विधायक नवलगढ़, अंशुमान सिंह भाटी विधायक कोलायत एवं रविन्द्र सिंह भाटी विधायक शिव आदि के सामने समाज के प्रबुद्ध जनों ने समाज के चौमुखी विकास में आ रही समस्याओं को अपनी मन की बात के मार्फत इनके समक्ष रखा। विधायकों ने भी अपने वक्तव्य में हर प्रकार के सहयोग का आश्वासन दिया। सभाध्यक्ष राम सिंह चन्दलाई ने अपने स्वागत उदबोधन में पधारे हुए सभी विधायकों का आभार प्रकट किया एवं समाज के हर क्षेत्र से समारोह में पधारे हुए समाज के प्रबुद्ध जनों का स्वागत करते हुए कहा कि श्री राजपूत सभा समाज के सर्वाग्णि विकास और उन्नती के लिए अनेक समाज हित की गतिविधियों और कार्यक्रमों का संचालन करती आ रही है। आपने सामाजिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला और समाज के कुछ मूलभूत मांगे एवं समस्याओं को विधायकों के समक्ष रखा इस अवसर पर उपाध्यक्ष प्रताप सिंह राणावत, सहमंत्री मोहन सिंह बगड़, कोषाध्यक्ष प्रधुमन सिंह मूंडरू एवं कार्यकारिणी सदस्य अजयपाल सिंह पचकोडिया, अजयवीर सिंह जीरोता, गजराज सिंह कैलाई (एड्वोकेट), जोगेन्द्र सिंह सांवरदा, जितेन्द्र सिंह शेखावत, नटवर सिंह रोयल, पृथ्वी सिंह कालीपहाड़ी, मूल सिंह शेखावत, महेन्द्र सिंह भंवरथला, लोकेन्द्र सिंह लोटवाड़ा, विरेन्द्रपाल सिंह, श्रवण सिंह चौहान (लवाण), हर्षवर्धन सिंह शेखावत, रावल गिरीशाय सिंह धुला, शंकर सिंह फतेह निवास, जिला इकाई जयपुर शहर अध्यक्ष गणपत सिंह राठौड़, जयपुर देहात अध्यक्ष मोती सिंह सांवली, दौसा जिला अध्यक्ष गोपाल सिंह हामावास, श्रीमती दुर्गेश नंदनी पार्षद एवं चेयरमैन नगर निगम, श्रीमती रेखा राठौड़ पार्षद, श्री राजपूत सभा की तहसील इकाईयों के अध्यक्ष एवं महामंत्री, ग्राम इकाईयों से संयोजक और समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहें। श्री राजपूत सभा चाकसू हेम सिंह राठौड़, और पहलाद सिंह मौजूद रहे। मंच का संचालन संगठन मंत्री धीर सिंह शेखावत एवं सुरेन्द्र सिंह नरूका डबल ऐ.जी. हाईकोर्ट ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती हेमेन्द्र कुमारी दूदू ने किया।

पवित्र श्रावण मास में कपासन पर इंद्रदेव की मेहरबानी से दिनभर बारिश का दौर बना रहा

बढ़ता राजस्थान

कपासन (नि.स.)। शक्तिपति शिव जी की भक्ति एवं आराधना के पवित्र श्रावण मास में इंद्रदेव की मेहरबानी होने से शुक्रवार सुबह से ही क्षेत्र में मध्यम एवं रिमझिम बारिश का दौर बना रहा।

जिसके तहत शुक्रवार को क्षैत्र में 26 एमएम बारिश दर्ज की गयी।पवित्र श्रावण मास में बारिश होने से देवो के देव महादेव के भक्त एवं श्रद्धालुओ सहित क्षेत्रीय किसान वर्ग में हर्ष व्याप्त रहा।

उल्लेखनीय है कि अखंड ब्रह्मांड के राजा कालो के काल महादेव की भक्ति एवं आराधना के पवित्र श्रावण मास में भक्तो द्वारा शिवालयों पर पहुंचकर उत्साहपूर्वक शिवशंभू भोलेनाथ को जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, बिल्व पत्र, चंदन, इत्तर, फूल, माला इत्यादि अर्पित कर शिवजी की आराधना की जा रही है।पवित्र श्रावण मास में भक्तो द्वारा क्षेत्र में स्थित श्री मंगलेश्वर महादेव मातृकुंडिया, सांडेश्वर महादेव ताणा, नगर में स्थित प्रसिद्ध श्री सोमेश्वर महादेव, पीपलेश्वर महादेव, जलेश्वर महादेव, मंसापूर्ण महादेव, गोपालद्वारा आदि शिवालयों पर भक्तो एवं श्रद्धालुओ का तांता शिवजी की पूजा अर्चना एवं आराधना हेतु लगा रहता है।साथ ही भक्तो द्वारा श्रावण मास में शिवालयों पर मंत्रोच्चार के साथ विविध धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहे हैं।

जर्जर पंप हाउस में जहरीले जीव जंतु निकालने का सिलसिला लगातार जारी, पूर्व में भी निकल चुके सांप

कर्मचारियों को डर के साए में करनी पड़ रही है नोकरी

बढ़ता राजस्थान

चाकसू (नि.स.)। चाकसू कस्बे के कोटखावदा रोड आईडीएसएमटी कॉलोनी के सामने स्थित जलदाय विभाग कार्यालय के जर्जर पंप हाउस में सांप बिच्छू सहित जहरीलें जीव जंतु निकालने का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। गुरुवार रात्रि को भी कार्यरत कर्मचारी को लगातार तीन सांपों का सामना करना पड़ा जिससे उसकी जान हल्क में आ गई। आपको बतादे की पूर्व में भी इस पंप पर सांप निकलने का मामला सामने आया था। और सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। परंतु अधिकारियों के कान पे जूं तक नहीं रेंगी।पंप ऑपरेटर प्रभु लाल सैनी को कस्बे की पानी की सप्लाई के लिए जान जोखिम में डालकर काम करना पड़ा रहा है। मामले को लेकर पंप ऑपरेटर प्रभु लाल सैनी ने उच्च अधिकारियों सहित जेईएन दिलखुश मीणा को तत्काल शिकायत दर्ज कराकर बताया कि चाकसू पंप हाउस के अंदर आज 3 सांप घुसे हुए हैं, पंप हाउस पर जगह जगह बिल बने हुए हैं। जिनमे सांपो ने अपना अड्डा बना रखा है। पहले भी काफी बार बोलने के बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ । पंप हाउस की मरम्मत अब तक भी नहीं हो पाई। किसी दिन जहरीले जीव के कटने से कोई हादसा हो गया तो इसकी कोन जिम्मेदारी लेगा ? वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए ज्यादा भी नहीं तो अभी सिर्फ 2,4 कट्टे सीमेंट लगाकर कुछ अस्थाई व्यवस्था की जा सकती है । जिससे बिना सप्लाई डिस्टर्ब हुए 2,4 महीने निकाल सकते है पंप ऑपरेटर ने मार्मिक अपील करते हुए कहा कि साहब ध्यान दीजिए । 2,5 हजार रुपए ज्यादा बड़ी रकम नहीं है इतना तो करवा ही दो साहब। पंप ऑपरेटर प्रभु लाल सैनी ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर इतना भी नही कर सकते तो फिर कल से मै अपनी जान जोखिम में डालकर काम नही कर सकता।

यूपी के मंत्री ने किया फोर्टी के सदस्यों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित

फोर्टी कार्यालय में यूपी के मंत्री डॉ रघुराज सिंह का स्वागत

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। फैडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री (फोर्टी) का 50 सदस्यीय दल उत्तर प्रदेश जाएगा। फोर्टी कार्यालय में उत्तर प्रदेश सरकार के श्रम एवं सेवानियोजन मंत्री डॉ रघुराज सिंह ने फोर्टी के सदस्यों को उत्तर प्रदेश आमंत्रित किया है। डॉ रघुराज सिंह ने कहा कि राजस्थान के उद्योगपतियों की प्रतिष्ठा पूरी दुनिया में है। यूपी सरकार भी इस अनुभव का लाभ उठाना चाहती है। राजस्थान और यूपी के बीच व्यापार बढ़ाने में फोर्टी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इसलिए हम यूपी में फोर्टी के दल को आमंत्रित करते हैं। इस अवसर पर फोर्टी अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ अरुण अग्रवाल, पीडी गोयल, एडिशनल जनरल सेक्रेटरी फोर्टी विनोद गुप्ता सेक्रेटरी गिरीश अग्रवाल, प्रभात गुप्ता, फोर्टी सदस्य अरुण गुप्ता अभिषेक जैन, यूथ विंग अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष धीरेंद्र राघव, सेक्रेटरी यूथ विंग गौरव मोदी, उपाध्यक्ष फोर्टी यूथ विंग विनीत वशिष्ठ, सेक्रेटरी यूथ विंग अनुराग अग्रवाल कार्यकारी सदस्य राहुल खंडेलवाल सी ए विजय अग्रवाल, शिव शर्मा ,वुमन विंग अध्यक्ष डॉ अलका गौड, महासचिव ललिता कुच्छल ,के साथ महिला विंग की प्सदस्य शैला जैन और दीप्ति सक्सेना भी मौजूद रहे। सुरेश अग्रवाल ने कहा कि यूपी ने पिछले एक दशक में औद्योगिक विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय उलबधियां हासिल की है। यूपी में निवेश की संभावनाएं तलाशने और द्वीपक्षीय व्यापार बढ़ाने में फोर्टी अपनी भूमिका निभाएगा। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ अरुण अग्रवाल और यूथ विंग के पूर्व अध्यक्ष धीरेंद्र राघव ने ने भी यूपी के औद्योगिक विकास में योगी सरकार की कार्ययोजना की सराहना की और दोनों राज्यों के बीच व्यापारिक रिश्तों को और मजबूत करने पर जोर दिया।

ट्रैफिक व्यवस्थाओं में सुधार के लिए जिला पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली(नि.स.)। जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा की अध्यक्षता में भारी बारिश के कारण शहर तथा नेशनल हाईवे पर जगह-जगह पानी भरा होने के कारण ट्रैफिक जाम की स्थिति में सुधार लाने हेतु बैठक का आयोजन किया गया जिसमें एनएचएआई की प्रतिनिधियों को ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए नेशनल हाईवे पर बने नालो के ब्लॉकेज को ठीक कर पानी के निकासी की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कहा गया तथा बारिश के कारण खराब हुई सर्विस रोड को शीघ्र पेच वर्क का कार्य कर रोड़ को दुरुस्त करने के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने यातायात निरीक्षक से कहा कि जनसंवाद के माध्यम से होटलों और ढाबों पर जाकर व्यवस्था सुधारने में सहयोग मांगा जाए साथ ही सड़क किनारे अव्यवस्थित खड़े वाहन मालिकों से भी व्यवस्थित जगह पर में ही गाड़ी खड़ी करने और व्यवस्था सुधारने के लिए कहा जाए। उन्होंने नगर परिषद कमिश्नर को भारी बारिश के कारण कोटपूतली शहर में कुछ जगहों पर जल जमाव की स्थिति के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई हैं उसको दुरुस्त करने के लिए उन्होंने ड्रेनेज सिस्टम में सुधार के निर्देश दिए तथा क्षतिग्रस्त रोड़ शीघ्र ठीक करने के लिए कहा। इसके साथ ही शहर वासियों तथा व्यवसायियों से जन संवाद कर अपने प्रतिष्ठानों के आगे वाहनों को व्यवस्थित खड़े करने की अपील करें।बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर योगेश डागुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेम सिंह, नगर परिषद कमिश्नर धर्मपाल चौधरी, पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता गौतम मीणा, उपखंड अधिकारी बृजेश चौधरी तहसीलदार सौरभ गुर्जर मौजूद रहे।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन तथा पालनहार योजना के सत्यापन की अंतिम तिथि 15 अगस्त तक बढ़ी

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली(नि.स.)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग राजस्थान द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के पात्र लाभार्थियों का वर्ष 2024 हेतु वार्षिक भौतिक सत्यापन की अंतिम तिथि दिनांक 31जुलाई से बढाकर 15 अगस्त की गयी है। एवं राजस्थान सरकार की फ्लैगशिप योजना पालनहार के सत्र 2024-25 हेतु पोर्टल शुरू कर दिया गया है। अतः सभी पात्र पालनहार लाभार्थी बच्चों का विद्यालय से अध्ययन प्रमाण पत्र बनवाकर ई-मित्र के माध्यम से सत्यापन करवाये ताकि योजना का नियमित रूप से लाभ मिलता रहें।अतः सभी पात्र वार्षिक भौतिक सत्यापन से वंचित लाभार्थी दिनांक 15 अगस्त तक अपना सत्यापन करा लेवें अन्यथा उनकी पेंशन स्थायी रूप से बंद हो जावेगी।

विजयवर्गीय (वैश्य) राजसेवक परिषद् के अध्यक्ष पद के चुनाव की घोषणा

बढ़ता राजस्थान

जयपुर,(का.स.)। विजयवर्गीय (वैश्य) राजसेवक परिषद् संस्थान के चुनाव अधिकारी मोहनलाल विजय ने अध्यक्ष पद के लिए वर्ष 2024-27 के चुनाव की तारीखों की घोषणा की है। चुनाव की प्रक्रिया निम्नलिखित तिथियों के अनुसार होगी।

- **नामांकन की तिथियां:-** 17 और 18 अगस्त 2024
- **नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि:-** 20 अगस्त 2024
- **उम्मीदवारों की सूची की घोषणा:-** 20 अगस्त 2024
- **मतदान की तिथि:-** 25 अगस्त 2024

सभी परिषद सदस्य इस चुनाव में भाग ले सकते हैं, जैसा कि नंदकिशोर बसवा वालों ने बताया है।

दिल्ली में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में भाग लेंगी गोपालपुरा सरपंच सविता राठी

बढ़ता राजस्थान

चूरू(सुरेश शर्मा)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को देश की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित होने स्वतंत्रता दिवस समारोह में जिले के गोपालपुरा ग्राम पंचायत सरपंच सविता राठी विशेष अतिथि के रूप में भाग लेंगी। भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में भाग लेने के लिए राज्य के महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों को नई दिल्ली में होने वाले समारोह के लिए आर्मंत्रित किया गया है। इसी क्रम में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग राजस्थान की ओर से किए गए नामांकन में विभिन्न विकास कार्यों व नवाचारों के लिए चर्चित गोपालपुरा सरपंच सविता राठी का चयन किया गया है। उल्लेखनीय है कि राज्य से सिर्फ 8 महिला जनप्रतिनिधियों का चयन इस समारोह के लिए किया गया है। इनमें गोपालपुरा सरपंच राठी के अलावा राजसमंद जिला प्रमुख रतन माधव चौधरी, उदयपुर से जिला परिषद सदस्य सुनीता माण्डावत, खैराबाद प्रधान कलावती मेघवाल, खैराबाद पंचायत समिति सदस्य प्रेमबाई राइका, मदनपुरा (कोटा) सरपंच सुनीता धाकड़, बोरवट (बांसवाड़ा) सरपंच ममता कटारा, पूनम नगर (जैसलमेर) सरपंच राजन कंवर को आमंत्रित किया गया है। संभवतः यह पहला अवसर है कि चूरू पंचायती राज से कोई महिला जनप्रतिनिधि दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय समारोह में विशेष अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सरपंच सविता राठी ने कहा कि यह चूरू जिले और स्वयं हमारे गोपालपुरा के लिए भी गर्व की बात है। उन्होंने इसके लिए केंद्र सरकार, राज्य सरकार तथा ग्रामवासियों का आभार प्रकट किया है। इससे पूरे गांव में हर्ष का माहौल है। इससे गोपालपुरा पंचायत को राष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचान और पुख्ता होगी।

पानी के निकास की व्यवस्था नहीं होने से महाराणा प्रताप पार्क हुआ लबालब

बढ़ता राजस्थान

चाकसू (गिरिराज प्रसाद शर्मा)। चाकसू नगर पालिका वार्ड 17 नीलकंठ महादेव मंदिर के पास लाखों रुपए की लागत से नगर पालिका द्वारा नव विकसित महाराणा प्रताप पार्क में पहली बरसात में ही पानी भर गया है। सुबह एवं सायंकाल भ्रमण करने वाले बड़े-बूढ़े, रोजाना खेलकूद करने वाले बालकों का पार्क में पानी भराव होने के कारण नियमित शारीरिक कार्यक्रम, व्यायाम प्रातः कालीन घूमना-फिरना सब बंद हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मालोराई तलाई को जन स्वास्थ्य की दृष्टि से बहुउपयोगी बनाए जाने के उद्देश्य से नगर पालिका प्रशासन ने जल्दबाजी में पार्क निर्माण का ठेका दे दिया। लेकिन पानी के स्थाई रूप से निकास की किसी भी तरह की व्यवस्था नहीं किए जाने के कारण बरसात का पानी भर जाता है। जिम्मेदार अधिशासी अधिकारी संतोषजनक जवाब ही नहीं दे पाते। बरसों पहले पार्क के उत्तर पश्चिमी कोने में पानी निकासी के लिए बनाए गए नाले को बंद करवा दिया गया। नगरपालिका के पूर्व चैयरमेन लल्लू लाल कुमावत ने मनौहरा तालाब एवं मालोराई तलाई के क्षमता से अधिक पानी के निकास के लिए एक बड़े नाले का निर्माण करवा कर कस्बे के बड़े नाले से जोड़ दिया था, जिससे अतिरिक्त पानी नगर पालिका कार्यालय के पीछे बने नाले से होता हुआ ढूंढ नदी में जा मिलता था। लेकिन पार्क निर्माण के समय इसको पूरी तरह खत्म कर दिया गया। चाकसू के जागरूक लोगों ने नगर पालिका प्रशासन को अवगत करवा दिया है। अधिशासी अधिकारी को चाहिए कि तत्काल पार्क से पानी के निकास की स्थाई व्यवस्था कर आम लोगों को राहत उपलब्ध कराए।

सामाजिक कार्यकर्ता मिश्र को बनाया विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ का प्रदेशाध्यक्ष, बधाइयाँ देने वालों का लगा तांता

बढ़ता राजस्थान

सरदारशहर (नि.स.)। विप्र फाउंडेशन बीकानेर जोन 1 बी के प्रदेशाध्यक्ष धनसुख सारस्वत ने सरदारशहर के सामाजिक कार्यकर्ता सुनील मिश्र को विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया है। इस नियुक्ति की सुचना मिलते पर स्थानीय विप्र फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने पटाखे छोड़कर मिश्र को बधाई देते हुए विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक सुशील ओझा, राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा (गुरुजी) राष्ट्रीय सचिव मुकेश रामपुरा व विप्र फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष धनसुख सारस्वत व प्रभारी भंवर पुरोहित व विश्वनाथ शर्मा (राजगुरु) का आभार व्यक्त करते हुए प्रशंसा व्यक्त की। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित, प्रदेश सचिव श्याम लाल जोशी, विप्र वाहिनी प्रदेश महामंत्री भरत शर्मा, नारायण चन्द नाथोलिया, कमल पुजारी, श्याम सुंदर धर्ड़, नारायण लाटा, अशोक पारीक, भरत गौड़, मांगीलाल सेवदा, नरेंद्र राजपुरोहित, राजकुमार गौड़, मदन मिश्र, सचिन शर्मा, ललित राजपुरोहित, गिरधारी राजपुरोहित, बुलाकी शर्मा, प्रवीण भोजक, लोकेश पारीक, राजेन्द्र तिवाड़ी, पवन शर्मा, एडवोकेट अश्वनी शर्मा, प्रशांत पारीक, मुरली बोचिवाल, गौरीशंकर पारीक, गोवर्धन सेवदा, यश धर्ड सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मिश्र को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की मंगलकामनाएं की। उपरोक्त जानकारी विप्र फाउंडेशन सरदारशहर के मिडिया प्रभारी पवन चोटिया ने दी।

राशन डीलर उपभोक्ताओं को खाद्यान्न वितरण करना सुनिश्चित करें : जिला रसद अधिकारी

बढ़ता राजस्थान

टोंक, (का.स.)। जिले के समस्त राशन डीलर अपनी दुकान निर्धारित समय एवं नियमित रूप से खोलकर राशन प्राप्त करने वाले समस्त उपभोक्ताओं को राशन का वितरण करना सुनिश्चित करें। जिला रसद अधिकारी इंद्रपाल मीणा ने बताया कि हड़ताल एवं खाद्य सुरक्षा लाभार्थियों को खाद्यान्न उपलब्ध नहीं करने तथा अन्य उचित मूल्य दुकानदार की पॉस मशीन स्वयं के पास रखने वाले उचित मूल्य दुकानदार पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी।

जगतपुरा से जोधपुरिया रोड तक सड़क का निर्माण करवाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

निवाई(का.स.)। पंचायत समिति में शुक्रवार को गांव जगतपुरा के ग्रामीणों ने पंचायत समिति मद से सडक बनवाने की मांग को लेकर विकास अधिकारी सुनीलकुमार वर्मा को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीण हरिनारायण, रामभजन, मनफूल, शंकरलाल, रामधन, धर्मराज जगतपुरा, मुकेशकुमार, रामकरण, रामलाल, सुरज, रामावतार, हरिराम, आशाराम, रामसिंह, विनोद, बंटी व प्रधान सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि गांव जगतपुरा में जोधपुरिया रोड से मनफुल गुर्जर के मकान तक पंचायत समिति मद से सडक का निर्माण करवाया जाए।

जयपुर में इशरे कूल कॉन्क्लेव में डीकार्बोनेजेशन पर हुई चर्चा

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। राजस्थान की राजधानी जयपुर में गुरुवार को शुरु हुए तीन दिवसीय इंडियन सोसाइटी ऑफ हीटिंग, रेफ्रिजरेटिंग एंड एयर कंडीशनिंग इंजीनियर्स (इशरे) कूल कान्क्लेव में दो दिनों में हीटिंग, वेंटिलेशन, एयर कंडीशनिंग और रेफ्रिजरेशन उद्योग में डीकार्बोनाइजेशन पर चर्चा हुई। कूल कान्क्लेव के अध्यक्ष पंकज ने कहा कि जयपुर प्रदर्शनी और कन्वेंशन सेंटर में चल रहा यह कार्यक्रम पर्यावरणीय स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध पेशेवरों और संगठनों के लिए एक शानदार अवसर साबित हो रहा है और कार्यक्रम के दूसरे दिन डीकार्बनाइजेशन पर चर्चा हुई और इस पर गहन अन्वेषण हुआ और नवाचारी समाधान प्राप्त किया गया। इसमें भाग ले रहे लोगों का लक्ष्य डीकार्बोनाइजेशन के भविष्य के बारे में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्राप्त करना, नवीन समाधानों की खोज करना तथा ऐसी नीतियों को आकार देने में योगदान देना है जो हमें इस परिवर्तनकारी कार्यक्रम में अधिक टिकाऊ और लचीले भविष्य की ओर ले जायेगी जो डीकार्बोनाइजेशन के भविष्य को आकार देगी।

कार्यक्रम में देश के विशेषज्ञ, संगठनात्मक नेता, उद्योग के नेता, नीति निर्माता, नवप्रवर्तक और पर्यावरणविद कार्बन उत्सर्जन को कम करने और हीटिंग, वेंटिलेशन, एयर कंडीशनिंग और रेफ्रिजरेशन उद्योग में संधारणीय प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए कार्रवाई योग्य रणनीतियों पर चर्चा की। कार्यक्रम में नवाचारी डीकार्बोनाइजेशन रणनीतियों और सतत बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसमें श्री धारकर के अलावा अन्य वक्ताओं में अंशुल गुजराती, सुधीर माथुर और अनूप बालानी, आदित्य नारायण सिंह, लवलीन सिंह, टीबीडी, श्री बीम अल पटवारी और श्री रुशमिर मुजिक एवं अन्य विशेषज्ञों ने डीकार्बोनाइजेशन पर अपने विचार प्रकट किए। दूसरे दिन के कार्यक्रम का समापन नेटवर्किंग ब्रेक और डिकार्बोनाइजेश एक्सीलेंस अवार्ड्स के साथ हुआ। इससे पहले गुरुवार को इसका शुभारंभ पर उदयपुर के पूर्व राजपरिवार के सदस्य डा डॉ लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ का मुख्य संबोधन हुआ।

स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोविंदगढ़ में विधिक जागरुकता शिविर आयोजित

नशीली दवाओं के दुरुपयोग एवं लत स्वास्थ्य के लिए हानिकारक : प्रदीप महोलिया

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर के निर्देशन में तालुका विधिक सेवा समिति लक्ष्मणगढ़/गोविंदगढ़ की ओर से अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश लक्ष्मणगढ़ के जज गोपाल सैनी के निर्देशन में गोविंदगढ़ में विधिक जागरुकता शिविर आयोजित किया। शिविर कि अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य प्रदीप महोलिया के द्वारा कि गई।

लक्ष्मणगढ़,गोविंदगढ़ तालुका विधिक सेवा समिति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित हुआ पीएलवी अनिल कुमार ने बताया कि नशीली दवाओं के दुरुपयोग और नशीली दवाओं की लत के खतरे का खत्म करने के लिए जागरूकता पैदा करने के लिए कानूनी साक्षरता शिविरों का आयोजन माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा महा अगस्त के एक्शन प्लान के क्रम में किया जा रहा है। युवाओं और परिवार पर नशीली दवाओं के दुरुपयोग के दुष्प्रभावों को उजागर करते हुए गांवों/तालुकाओं के स्कूलों,कॉलेजों में नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया जाएगा। नालसा नशीली दवाओं के दुरूपयोग के पीड़ितों और नशीली दवाओं के खतरे के उन्मूलन के लिए कानूनी सेवाए) योजनाए प्रभावी कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। भारत के संविधान का अनुच्छेद 47 में राज्य स्वास्थ्य को हानि पहुँचाने वाले नशीले मदिरा एवं ड्रग्स के उपयोग को सिवाय उन ड्रग्स के जो दवाओ के औषधिय प्रयोजनों हेतु प्रयुक्त होते है वे निषेध है। प्रोफेसर मोनिका ने नशा मुक्ति कि शपथ दिलाई। प्राचार्य प्रदीप महोलिया ने कहा कि नशा मानव के नाश कि जड़ है। पीएलवी अनिल कुमार ने कहा कि हमें अपने ही परिवार से ही नेशे को रोकने के प्रयास करने होंगे। नशीली दवाएं को रोकने के उपाय भी बताएं व युवाओं पर नशे के दुष्प्रभाव भी बताया।

युवाओं को स्वस्थ जीवन के लिए तंबाकू छोड़ने हेतु प्रोत्साहित किया है। नशें के हानिकारक प्रभावों को समझाने के लिए जागरूकता पैदा करने के लिए एवं जागृत बने रहने के लिए प्रेरित किया। तंबाकू में पाए जाने वाला मुख्य रसायन निकोटीन है। जो अत्यधिक नशीला रसायन है। तंबाकू के उपयोग से होने वाली बीमारियाँ महिलाओं में प्रजनन संबंधी प्रभाव,फेफड़ों का कैंसर,हृदय की बीमारी,आघात (स्ट्रोक),समय से पहले,जन्म लेने वाले कम वज़न के बच्चे,दमा इत्यादि इस समय प्राचार्य प्रदीप महोलिया, प्रो.मोनिका,पीएलवी अनिल कुमार,प्रेमपाल,सीमा गुर्जर,जीतू, संजय,अभिषेक,पीर मोहम्मद, ललित,रेखा बाई, मनोज महाविद्याल के एनएसएस विद्यार्थी मौजूद रहे।

बहादुरपुर के सरकारी स्कूल में एसडीएम अलवर ने किया पौधारोपण

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। अलवर जिले के बहादुरपुर कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में शुक्रवार को अलवर एसडीएम आईएएस प्रतीक जुईकर पौधारोपण किया। साथ ही विद्यालय प्रधानाचार्य को निर्देश दिए कि पौधे का नामकरण विद्यालय की प्रतिभावान बालिका(अंजलि) के नाम से रखा जाए । उनके साथ नगर पालिका अध्यक्ष संजय गर्ग, नायब तहसीलदार श्रीमती सपना मीणा, अधिशासी अधिकारी, सहायक अभियंता, पूर्व उप जिला प्रमुख रमन गुलाटी ,भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री भविक जोशी, भाजपा जिला पदाधिकारी जितेंद्र गोयल, प्राचार्य मेहताब सिंह चौधरी, उप प्राचार्य इब्राहिम खान ,व्याख्याता मोहर सिंह मीणा ,अखिलेश कुमार, वरिष्ठ अध्यापक भगवान सैनी, कन्हैयालाल व नवयुवक मंडल बहादुरपुर के पदाधिकारी कुश कौशिक,करण चौहान, अमित सांवरिया , छोटू सैनी,मनीष यादव, कशिश सेन उपस्थित थे। इस दौरान उप जिला कलेक्टर ने विद्यालय का अवलोकन किया तथा प्रधानाचार्य से विद्यालय के संबंध में समस्याओं की जानकारी ली। प्रधानाचार्य ने उनके समक्ष विद्यार्थियों के लिए शौचालय की व्यवस्था कराने ,बालिका महाविद्यालय की चारदीवारी पर तारबंदी करवाने एवं विद्यालय कैंपस में रात को शराब पीने वालों को पाबंद करवाने की मांग रखी। जिस पर उन्होंने तुरंत प्रभाव से स्वीकृति प्रदान कर दी।

नगर पालिका के सफाई कार्मिको का विरोध प्रदर्शन

सीएम के नाम दिया एसडीएम को ज्ञापन, भर्ती प्रक्रिया को लेकर शनिवार से होगा कार्य बहिष्कार

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (राजू शर्मा)। शहर के नगर पालिका के नियमित सफाईकर्मी एवं संविदा के सफाई कार्मिकों द्वारा शुक्रवार को राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के बैनर तले एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी कार्यालय में सौपा है। जिसमें जयपुर संयुक्त वाल्मीकि एवं सफाई श्रमिक संघ द्वारा कार्य बहिष्कार का समर्थन किया गया है। और शनिवार से शहर के सफाई कार्य के बहिष्कार की बात कही है। ज्ञापन में आरोप लगाया है कि 23 जनवरी 2024 को शासन स्वास्थ्य शासन विभाग के निदेशक के साथ एक बैठक हुई थी। इस बैठक में लिखित समझौता किया गया था की 6.2.2024 से शुरू हो रही सफाई कर्मचारियों की भर्ती में मस्टरोल के आधार पर एक वर्ष तक सफाई कार्य कराया जाएगा और बाद में उन्हीं को नियुक्ति दी जाएगी जो सफाई कार्य करेगा। जिसमें सभी प्रांतीय संगठनों के प्रतिनिधियों ने सहमति जताई थी लेकिन आज तक उक्त समझौते के तहत सफाई कर्मचारियों की भर्ती नहीं की गई है। इससे राजस्थान का वाल्मीकि समाज आक्रोशित है और जयपुर वाल्मीकि एवं सफाई श्रमिक संघ द्वारा शुरू किए गए कार्य बहिष्कार का समर्थन करता है। ऐसे में सभी सफाई कर्मचारी अब 3 अगस्त शनिवार से कोई कार्य नहीं करेंगे और अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार या जाएगा।

सफाई कार्मिकों की यह है मांग : राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मोहन सिंह थनवार और बाड़ी अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में सभी सफाई कर्मचारियों ने मांग की है की सफाई कर्मचारियों की भर्ती जल्द से जल्द पूर्ण की जाए। भर्ती मस्टरोल के आधार पर हो। भर्ती में परंपरागत सफाई कार्य से जुड़े बाल्मिक समाज को प्राथमिकता दी जाए। विरोध प्रदर्शन के दौरान सफाई कर्मचारी अनूप,देवेंद्र,सौरभ, बादल, अजय,नीरज,अशोक,ममता,आशा ,सुनीता,रेखा,रामनिवास,दिनेश,जुगनू,सुनील,राजकुमार सहित दर्जनों सफाईकर्मी मौजूद रहे।

जिला उपाध्यक्ष और शहर प्रभारी संतोष गुर्जर के नेतृत्व में हुई बैठक

बीजेपी बाड़ी मंडल की बैठक का आयोजन, मंडल प्रभारी ने सौंपी जिम्मेदारी

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (राजू शर्मा)। शहर में शुक्रवार को बीजेपी मंडल की बैठक का आयोजन पूर्व विधायक गिर्राज मलिंगा के कार्यालय पर किया गया। बैठक का नेतृत्व बीजेपी के जिला उपाध्यक्ष एवं बाड़ी प्रभारी संतोष गुर्जर ने किया। उन्होंने बैठक में बाड़ी मंडल अध्यक्ष दिनेश मामा सहित उपस्थित पदाधिकारी को निर्देश दिए कि वह केंद्र और राज्य के बजट की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाएं। इस दौरान राजनीतिक प्रस्ताव महिला पदाधिकारी वंदना शिवहरे ने पेश किया। जिसका अनमोदन पार्षद सुदामा कंसल,रामकुमार कुशवाहा, धनंजय शर्मा और नितिन शर्मा द्वारा किया गया।

बैठक के दौरान मंडल अध्यक्ष दिनेश गर्ग ने बताया की बजट से जुड़ी जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए पदाधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। शहर के पदाधिकारी जहां विभिन्न वार्डो में जाकर लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करेंगे। वहीं ग्रामीण मंडलों के पदाधिकारी को ग्रामीण क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंप जाएगी। बैठक के दौरान यह भी निश्चित किया गया कि मंडल स्तर पर कार्य समिति की बैठक अब नियमित आयोजित होगी। बैठक के दौरान सभी पदाधिकारी को क्षेत्र से जुड़ी जन समस्याओं को लेकर लोगों से जानकारी लेने और उनकी रिपोर्ट तैयार करने के भी निर्देश दिए हैं।

बैठक के दौरान महिला पदाधिकारी वंदना शिवहरे ने बताया की प्रदेश कार्यकारिणी और जिला कार्यकारिणी से निर्देश मिले हैं कि शहर और ग्रामीण क्षेत्र की विभिन्न जन समस्याओं की रिपोर्ट तैयार करें। जिसे जिला स्तर और प्रदेश स्तर तक पहुंचाया जाएगा। जिससे उन जन समस्याओं के समाधान को लेकर कार्यवाही हो सके। इस दौरान बूथ स्तर पर नियमित प्रवास कार्यक्रम को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में बाड़ी शहर के मंडल पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्वतंत्रता दिवस समारोह की पूर्व तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित, अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (नि.स.)। स्वतंत्रता दिवस समारोह की पूर्व तैयारियों के संबंध में शुक्रवार को जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह परंपरागत एवं गरिमामयी तरीके से आयोजित किया जाएगा। आयोजन से जुड़े अधिकारी समय रहते सभी तैयारियां सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस का मुख्य कार्यक्रम आरएसी ग्राउंड में होगा जहां मुख्य अतिथि द्वारा झंडारोहण किया जाएगा। जिला कलक्टर ने समारोह स्थल पर बैठक, पेयजल, टेन्ट, साउंड सिस्टम, निमंत्रण पत्र, सुरक्षा, बैरिकेडिंग, परैड सहित सभी तैयारियों की पूर्व समीक्षा की। उन्होंने बताया कि समारोह में झंडारोहण, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामूहिक व्यायाम का प्रदर्शन होगा। मुख्य समारोह में बैठक, सफाई व्यवस्था के लिए नगर परिषद आयुक्त को जिम्मेदारी दी गई। जिला कलक्टर ने कहा कि बरसात की संभावना को देखते हुए पूर्व में ही सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्वाधीनता दिवस के अवसर पर 14 और 15 अगस्त को सभी राजकीय भवनों व प्रमुख चौराहों पर रोशनी की व्यवस्था करने हेतु आयुक्त नगर परिषद को निर्देश दिए। राष्ट्रीय पर्व तथा इसकी पूर्व संध्या पर शहर में सफाई व्यवस्था चाक चौबन्द रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्य समारोह में अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए सभी विभागीय अधिकारी आवेदन भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय के साथ समारोह के सफल संचालन के लिए कार्य करते हुए दिए गए दायित्वो का निर्वहन करें। इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सुदर्शन सिंह तौमर, अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट, उपखंड अधिकारी साधना शर्मा सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

कंट्रोल रूम पर रात्रिकालीन ड्यूटी वाले कर्मचारी रहें अलर्ट : जिला कलक्टर

अत्यधिक वर्षा एवं जल भराव से निपटने की रखें पूरी तैयारी

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने अत्यधिक वर्षा होने पर बाढ़ एवं जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन से जुड़े आवश्यक उपकरणों एवं संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चत करने के निर्देश दिए हैं।डॉ. गोस्वामी शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित न्यू सभागार में भारी बारिश एवं जल भराव की पर बचाव एवं राहत कार्यों की व्यवस्था के बारे में समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने संवेदनशील स्थानों के चिन्हिकरण के साथ ही रेस्क्यू टीमें तैयार रखने, फ्लड कंट्रोल रूम पर तैनात कर्मचारियों को रात के समय मूसलाधार बारिश होने की स्थिति में विशेष सतर्कता रखने, विस्थापित लोगों के पुनर्वास की सभी तैयारियां करने और आपदा प्रबंधन से जुड़े समस्त प्रोटोकॉल की पालना के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में होने वाली बारिश की जानकारी प्रातः 5 बजे और सायं 5 बजे नियमित दी जा रही है। उसके आधार पर सभी विभाग सतर्क रहकर किसी चेतावनी का इंतजार किए बिना कार्यवाही करें। रात के समय अधिक बारिश होने पर कंट्रोल रूम पर तैनात कर्मचारी द्वारा एडीएम और आवश्यकता पड़ने पर स्वयं कलक्टर को भी उसी समय सूचना दी जाए ताकि समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें। जिला कलक्टर ने कहा कि रेस्क्यू टीमें पूरे संसाधनों के साथ तैयार रखी जाएं ताकि आपदा की स्थिति में बचाव कार्य तुरंत शुरू किए जा सकें।

जिला कलक्टर ने कहा कि गैपरनाथ, भवरकुंज, कर्णेश्वर महादेव, चट्टानेश्वर महादेव, कोटा बैराज सहित अन्य प्रमुख पिकनिक स्थलों पर चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं एवं भीड़ को रोकने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की जाए। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को नालों के बहाव में आ रहे अवरोध एवं अतिक्रमण हटाने तथा पर्याप्त सफाई करने के निर्देश दिए। कलक्टर ने कहा कि कोटा बैराज के डाउनस्ट्रीम पर पुलिस जाप्ता तैनात किया जाए ताकि कोई भी वहां न जाए। कलक्टर ने कहा कि दिल्ली एवं जयपुर के बेसमेंट में हुई दुर्घटनाओं से सबक लेते हुए बारिश के मौसम में सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी बेसमेंट में लायब्रेरी, मेस, कोचिंग एवं कार्यालय संचालित नहीं हों।

डॉ. गोस्वामी ने आपदा प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों का एक व्हाट्स एप ग्रुप बनाकर उसमें जरूरी सूचनाओं एवं दिशा-निर्देशों का आदान-प्रदान करने के साथ ही, सेना एवं वायुसेना के साथ समन्वय रखने को कहा ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में मदद ली जा सके।

महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय झरझनी में ओडिसी नृत्य की प्रस्तुति

बढ़ता राजस्थान

रावतभाटा (नि.स.)। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय झरझनी मे स्पीक मेके संस्थान के तत्वावधान में भारतीय संस्कृति धरोहर संरक्षण व उन्नयन अभियान के अंतर्गत उड़ीसा की शास्त्रीय नृत्यांगना श्री पूनिया द्वारा उड़ीसा राज्य के ओडिसी नृत्य की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई ।

कार्यक्रम के दौरान स्पीक मेके कोटा के समन्वयक कुलवंत बैरागी द्वारा विद्यार्थियों को शास्त्रीय नृत्य की समस्त विधाओं का सामान्य परिचय करवाया गया द्यनृत्यांगना श्री पुर्णिया मोहंती द्वारा दुर्गा वंदना के साथ शास्त्रीय नृत्य का शुभारंभ किया और बटुक नृत्य व शिव पंचाक्षरी स्तोत्र पर अभिनय की मनमोहक प्रस्तुति दीद्य नृत्यांगना द्वारा ओडिसी नृत्य के प्रयोग के अंतर्गत भूमि प्रणाम ,चौक मुद्रा ,हस्त मुद्रा के साथ विभिन्न पशुओं एवं वाद्य यंत्रों का अभिनय आधारित प्रस्तुतीकरण किया । साथ विद्यार्थियों को शास्त्रीय नृत्य का अभ्यास करवाया द्यरोचक और ज्ञानवर्धक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक नृत्य की बारीकियां सीखी और नृत्यांगना के साथ पूर्ण सहभागिता निभाईद्य कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य साधना चौबे द्वारा आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया ।

कार्यक्रम में श्री राधे श्याम जी गुर्जर, शिवराज मीणा, ममता गुप्ता, किरण देवी ,ओम प्रकाश राठौड़ मनीष राठौर, बबलू धाकड़ ,नीरू मीणा, कुलदीप मीणा, लेना खत्री ने भाग लिया ।

आबकारी पुलिस ने हथकड़ शराब के विरुद्ध विशेष अभियान चला कर के 1100 लीटर वाश नष्ट किया

बढ़ता राजस्थान

देवली (नि.स.)। यहां आबकारी पुलिस ने हथकड़ शराब के विरुद्ध विशेष अभियान चला कर के 1100 लीटर वाश नष्ट किया है। हथकड़ शराब के विरुद्ध इस विशेष अभियान के तहत गुरुवार को आबकारी पुलिस ने उपखंड क्षेत्र की चांदली ग्राम के कंजर बस्ती मैं बड़ी कार्रवाई कि है। इस कार्रवाई कोलेकरु यहां आबकारीविभाग ने शुक्रवार शाम को प्रेस नोट जारीकर बताया कि आबकारी पुलिस के गश्ती दल ने नाजायज तौर से बनाई जा रही हथकड़ शराब की भट्टीया तोड़कर 1100 लीटर वाश नष्ट किया है। आबकारी विभाग के देवली सर्किल इंचार्ज अशोक कुमार डिडेल ने जानकारी में बताया कि 1 अगस्त 2024 गुरुवार को आबकारी आयुक्त एवं जिला आबकारी अधिकारी टोंक के निर्देशन में हथकड़ शराब के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया है इस अभियान के तहत देवली उपखंड क्षेत्र के चांदली ग्राम पंचायत की कंजर बस्ती मैं आबकारी पुलिस ने दबिश देकर हथकड़ शराब बनाने वाली सामग्री को भी नष्ट कर दिया है ।इसी मौके पर आबकारी पुलिस ने चांदली ग्राम की कंजर बस्ती में आंगनबाड़ी केंद्र के पीछे दबिश दी। जहां उत्तेजित वास के करीब 15 मटके फोड़ कर वास नष्ट किया। इसी के साथ आबकारी पुलिस ने कंजर बस्ती में अलग-अलग जगहो पर हथकड़ शराब को नष्ट करने की कार्रवाई की जिसमें कुल 1100 लीटर वास नष्ट किया गया है। साथ ही पुलिस ने यहां से तीन बोतल हथकड़ शराब भी बरामद की। इस कार्रवाई को लेकर सर्किल इंचार्ज अशोक कुमार डिटेल ने जानकारी में बताया कि राजस्थान आबकारी अधिनियम 1950 की धारा 16/ 54 में एक अभियोग भी दर्ज किया है ।

भंडारे की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

साहवा (नि.स.)। श्री भभूतासिद्ध सेवा समिति साहवा (चूरू) द्वारा बीकानेर जिले के बज्जू तहसील के कालनाडी में हर वर्ष की भांति इस साल लगाए जा रहे 11 वे भंडारे की तैयारियों कोलेकर सेवादारों की बैठक आयोजित हुई। शुक्रवार को श्री भभूतासिद्ध सेवा समिति के अध्यक्ष दलिप सिंह सरदार की अध्यक्षता मे श्री भभूतासिद्ध महाराज के मन्दिर पर हुई बैठक में भंडारे की तैयारियों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर शंकर सैनी, भगत श्री रामसिंह सैनी, सन्तलाल सैनी, राजेन्द्र नाई, लीलाधर सैनी, बीरु सैनी, जगदीश नाई, मुरारी सैनी, सुरेन्द्र सांकरोत, शंकर लाल सैनी, सांवरमल गर्ग, रोहितास बाल्मीकि, ओमजी हलवाई, काना सैनी ,इन्द्र भार्गव, रामनिवास सैनी, पिन्टु सैनी, ओमप्रकाश धुनधावत, मालचन्द धुन्धावत, सुभाष योगी, दिनेश सैनी सोनू सैनी सहित सेवा समिति टीम के सदस्य उपस्थित थे।

प्रख्यात सूफी संत हजरत दीवाना शाह के जन्मोत्सव पर झंडा पेश करने की रस्म में हजारों लोगों ने शिरकत की

आशिके दीवाना ने यहां 5.250 किलो ग्राम चांदी का चिराग पेश किया

बढ़ता राजस्थान

कपासन (नि.स.)। प्रख्यात सूफी संत हजरत दीवाना शाह साहब र.अ. के जन्मोत्सव के मौके पर हर्षोउल्लास से परचम कुशाई झण्डा पेश करने की रस्म में हजारों लोगों द्वारा शिरकत की गयी।भीलवाड़ा के आशिके दीवाना द्वारा 5.250 किलो ग्राम चाँदी का चिराग पेश किया गया।

दरगाह वक्फ कमेटी के सैक्रेट्री मोहम्मद यासीन खाँ अशरफी ने बताया कि बाबा हुजूर हजरत दीवाना शाह साहब र.अ. के 25 मोहरर्म को यौमे विलादत के मौके पर छीपा दाउद सेठ,हाजरा माँ,पूर्व दरगाह वक्फ कमेटी सदर मरहूम निसार अहमद का परिवार भीलवाड़ा से अलम लेकर बुधवार सांय दरगाह शरीफ पहुंचा।गुरूवार बाद नमाजे जौहर के आस्ताना ऐ आलिया में अलम शरीफ पेश किया।हम्दो,नात शरीफ,मनकबत व सलातो सलाम व फातिहा ख्वानी के बाद अलम दरगाह वक्फ कमेटी के सदस्य अशफाक तुर्किया,हाजी जेनुलहसन, इमरान मेवाती लेकर मोमीन मोहल्ला स्थित बाबा हुजूर की कुटिया पर पेशकर वहां से जुलूस के साथ दरगाह शरीफ स्थित बुलन्द दरवाजा पहुंचे तथा कमेटी सदस्यों द्वारा जुलूस का स्वागत किया गया।बाद नमाजे असर के आस्ताना ऐ आलिया के उत्तर-पूर्व कौने पर एवं बुलन्द दरवाजे पर नारों के साथ कमेटी सदस्यों ने अलम पेश किया।

इस मौके पर पीरे तरीकत सैयद आदिल अली कादरी जावद,शहर काजी मोहम्मद सईद,एडवोकेट सैयद अशफाक अली,नगर पालिका उपाध्यक्ष सैयद ऐजाज अली,शहर काजी अब्दुल मुस्तफा,मोलाना मोहम्मद सलीम अशरफी,पूर्व सीआई फैज मोहम्मद शैख चित्तौड़गढ़,मास्टर नूर मोहम्मद मेवाती,मास्टर हाजी फकीर मोहम्मद शाह,नियाज मोहम्मद सोरगर,हाजी सैयद शरीफ अली,मेवालाल खटीक, लाला व्यास,सैयद असलम अली,अब्दुल गफ्फार खां,हाजी हारून काजी,इमरान भिश्ती कपासन, अरविंदप्रकाश जैन कांकरोली,कालू भाई कोटा, एडवोकेट मोहम्मद शरीफ खाँ भीलवाड़ा,हाजी अब्दुल करीम अंसारी,सैयद ताहिर अली,इकबाल रंगरेज,सलीम डायर,बबला भाई राज बैण्ड उदयपुर, शोएब लाला निंबाहेड़ा,हाजी युसूफ मंसूरी, हाजी आजाद हुसैन पूर्व उपसरपंच सांवलियाजी, मुबारिक हुसैन अजनबी आमेट व हजारो की संख्या मे जायरीने व आशिके दीवाना मौजूद रहे।

गुरूवार प्रात: 11 से 2 बजे तक अहमद कबीर मंजिल में दीवाना शाह माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओ द्वारा इस मुबारक मौके पर अहमद कबीर मंजिल मे हम्द,नात,मनकबत पेश कर बाबा हुजूर की जीवनी पेश की गयी।यहां पूर्व जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी लियाकत अली सोरगर एवं आशिके व जायरीने दीवाना द्वारा फूल,ईत्र,अगरबत्ती,चादर पेश कर यौमे विलादत की मुबारक पेश करने का तांता लगा रहा।इस मौके पर आशिके दीवाना द्वारा आम न्याज का अहतमाम तथा उदयपुर के इमरान फ्लावर वाले ने पुरा आस्ताना एवं चाँदी की जाली को असली फूलो से सजाया।इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिस जाब्ता तैनात रहा।

प्रदेश में बढ़ते बिजली एवं पेयजल संकट सहित बढ़ती अपराध की घटनाओं के विरुद्ध कांग्रेसजनों ने आंजना के नेतृत्व में किया विरोध प्रदर्शन, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

प्रदेश में बढ़ती अव्यवस्था, कुप्रबंधन एवं अराजकता से आम जनता में भय का माहौल : पूर्व मंत्री आंजना

बढ़ता राजस्थान

EEP ART GALLERY

निंबाहेड़ा (नि.स.)। प्रदेश में बढ़ते पेयजल एवं विद्युत संकट सहित बढ़ती अपराधी घटनाओं एवं सामाजिक धार्मिक टकराव से प्रदेशवासियों में रोष एवं भय का वातावरण व्याप्त है, प्रदेशवासियों की भावना को नवनियुक्त महामहिम राज्यपाल तक पहुंचाने के लिए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर आज निंबाहेड़ा में कांग्रेसजनों ने पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना के नेतृत्व में उपखंड कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करते हुए उपखंड अधिकारी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सोपा।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संपतलाल धाकड़ ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार आज निंबाहेड़ा में विभिन्न मुद्दों को लेकर कांग्रेसजनों ने पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना के नेतृत्व में उपखंड कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करते हुए महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में विद्युत एवं पेयजल समस्याओं के तुरंत समाधान हेतु राजस्थान सरकार को निर्देशित करने एवं अपराधी घटनाओं पर लगाम लगाने का भी निवेदन महामहिम राज्यपाल से किया गया। पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने कहा कि जब से राज्य में सत्ता परिवर्तन हुआ है संपूर्ण प्रदेश विशेष कर ग्रामीण क्षेत्र अत्यधिक विद्युत कटौती से ग्रामीणजन परेशान है। ग्रामीण क्षेत्र में राजस्थान सरकार द्वारा 6 से लेकर 12 घंटे तक विद्युत कटौती की जा रही है जिससे जीवन यापन प्रभावित हो रहा है, साथ ही सरकार के कुप्रबंधन से ग्रीष्म ऋतु में उपजा पेयजल संकट अभी तक समाप्त नहीं हो पाया है जिससे अधिकांश शहरी एवं ग्रामीण रिहायशी इलाकों में पेयजल संकट गहरा रहा है।

यदि राजस्थान सरकार इन मुद्दों पर तुरंत सकारात्मक कार्य नहीं करती है तो सभी कांग्रेसजन मिलकर जिला मुख्यालय एवं प्रदेश की राजधानी जयपुर में विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सुभाष चंद्र शारदा,जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम लाल झंवर,महासचिव गोपाल लाल आंजना एवं भोपराज टांक, निंबाहेडा नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बंसीलाल रायवाल, पालिका उपाध्यक्ष परवेज अहमद, विधानसभा युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पार्षद रविप्रकाश सोनी, जिला फुटबाल संघ चित्तौड़गढ़ के कोषाध्यक्ष एवं पालिका पार्षद मनोज पारख, प्रदेश युवा कांग्रेस के वरिष्ठ महासचिव यशपालसिंह शक्तावत, जिला पेंशनर समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रबोध शर्मा, ओकाफ सदर एवं पालिका पार्षद सलीम चाचा, जिला कीड़ा परिषद के पूर्व सदस्य मुकेश पारख, नगर कोंग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष हाजी जाहिद खान बैटरी वाले, खाद्य एवं किराना व्यापार सघ के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, ब्लॉक कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष कमलेश बीर, नारायण रेबारी, अर्पित आंजना, जसवंत सिंह, कार्यालय प्रभारी जाकिर हुसैन सहित बढ़ी संख्या में कांग्रेसजन, जनप्रतिनिधिगण समस्त अग्रिम संगठनों के पदाधिकारीगण, गणमांन्यजन एवम मीडिया कर्मी उपस्थित थे।

अच्छी बारिश की कामना को लेकर आज कपासन में घास बावजी का नगर भ्रमण कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

कपासन (नि.स.)। क्षेत्र में अच्छी बारिश एवं खुशहाली की कामना को लेकर नगरवासियों के सहयोग से शनिवार 3 अगस्त 2024 को प्रात: 11.30 बजे घास बावजी, संतोषी माता मंदिर,बस स्टैंड से घास बावजी का नगर भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।जिसमे प्रात: 11.30 बजे से हवन पूजा एवं 1 बजे से नगर भ्रमण तथा सांय 6.15 बजे अन्नकूट प्रसाद का घास बावजी के चबूतरे पर वितरण किया जायेगा।उक्त नगर भ्रमण कार्यक्रम संतोषी माता मंदिर से प्रारंभ होकर पांच बत्ती चौराहा,चुंगी नाका, पूर्बिया मोहल्ला,कचहरी घाटी, पूर्वामुखी बालाजी,सोमानी मोहल्ला,बिल्ली का देवरा,पुराना बस स्टैंड, खारी बावड़ी बालाजी,सदर बाजार,लोड़किया चौक, पीपली बाजार, कल्याणरायजी मंदिर,सुनारिया मंदिर,व्यास मोहल्ला,पायक मोहल्ला,भेरूजी चोक,ढाबा का देवरा,तेजाजी मंदिर,शिवाजी चौक,मसानिया भेरूजी मोक्षधाम से पंचमुखी बालाजी संतोषी माता मंदिर पर समापन होगा।कार्यक्रम को लेकर नगरवासियों द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा नेता पर हमला पड़ोसी ने पेट और गर्दन पर मारा चाकू

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा नेता व मुस्लिम राष्ट्रीय मंच जिला संयोजक पर बीच बाजार हमला किया गया। हमलावर पड़ोसी ही निकला, उसने चाकू से पेट और गर्दन पर वार किया। हमले के बाद का वीडियो भी सामने आया है। मामला कोटा के कैथूनीपोल थाना इलाके का है। कैथूनीपोल थाना पुलिस के अनुसार घटना सूरजपोल गेट के पास लेबर चौराहे की है। चाकू के हमले में भाजपा नेता अब्दुल वाहिद मुल्तानी के चोट लगी है। हॉस्पिटल में उसका मेडिकल करवाया जा रहा है। हमलावर को थाने लाया गया है। पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। बेटे जियाउल का कहना है कि उसके पिता अब्दुल वाहिद भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष रह चुके है। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के जिला संयोजक है। इस बात पर कुछ कट्टरपंथी रंजिश रखते है। वे आज सुबह चूहे पकड़ने का पिंजरा लेने बाजार गए थे।

झालावाड़ जिले में कैसे तैयार होगी प्रतिभाएं?

सरकारी विद्यालय के खेल मैदान पर अवैध अतिक्रमण, नोटिसों की भरमार, कार्यवाही के नाम पर लीपा पोती

बढ़ता राजस्थान

झालावाड़,(सुरेश मोमिया)। झालावाड़ जिले के प्रभावशाली ऊंची पहुंच के लोगों के कारण झालावाड़ नगर का एक मात्र खेल के मैदान पर अतिक्रमण होने से नगर के सरकारी स्कूलों के करीब तीन हजार छात्र छात्राओं का भविष्य अंधकारमय है,झालावाड़ के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (न्यू ब्लॉक स्कूल) के सामने रोड़ क्रोस करने के पश्चात विद्यालय का अपना नीजी मैदान है,लेकिन इस मैदान पर गैर सरकारी संस्था के प्रभावशाली लोगों ने कई वर्षो से सिर्फ अतिक्रमण ही नहीं किया बल्कि इस मैदान पर आयोजित होने वाली गतिविधियों के लिए प्रभावशाली लोगों ने गैर सरकारी संस्था से करोड़ो रुपए उठाए ये बात सामने आई है। वैध दस्तावेज के आधार पर सौ फिसदी भूमि का मालिक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झालावाड़ है,इसे प्रशासन ने भी माना है तथा शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने माना है,लेकिन शिक्षा विभाग व विद्यालय प्रशासन द्वारा ऐसा कोई दस्तावेज प्राप्त नहीं हुआ है जिसमें शासन-प्रशासन द्वारा इस मैदान का औपचारिक रूप किसी मंत्री, सासंद, विधायक, जिला प्रशासन,जिला प्रतिनिधि मंडल द्वारा इस सरकारी खेल मैदान का नामांकरण स्वर्गीय प्रवीण शर्मा क्रिकेट ग्राउंड के नाम से हुआ हो,नाम से ऐतराज नहीं है,बल्कि किसी के पास इस नामांकरण का सबूत हो (प्रमाणित) तो उसे हमें उपलब्ध करवायें ।

यह भी सौ फिसदी सच है कि झालावाड़ नगर में मात्र सरकारी विद्यालय का एक खेल का मैदान है,अतिक्रमण होने व अतिक्रमियों द्वारा विद्यालय के छात्र छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है,तत्कालीन विद्यालय प्रधानाचार्य ने भी माना की वहां पर विद्यालय के बच्चो के साथ दुर्व्यवहार किया जाता रहा है,अतिक्रमी प्रभावशाली होने के कारण जिला प्रशासन भी कुछ नहीं कर पा रहा तथा दस्तावेज भी यह साबित कर रहे हैं कहीं न कहीं राजनीति दखल के कारण हर बार गोल-मोल जवाब परोसें जा रहे हैं। इस मामले को प्रमुखता से परत दर परत जनता, प्रशासन, शिक्षा मंत्री, मुख्यमंत्री को अवगत करवाते रहेंगे।

क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में आयोजित जनसुनवाई का उपखंड अधिकारी कपासन ने आकस्मिक निरीक्षण किया

निरीक्षण दौरान सुरपुर में ग्राम विकास अधिकारी एवं रूपाखेड़ी में पटवारी अनुपस्थित मिले

बढ़ता राजस्थान

कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)। जन अभाव अभियोग निराकरण विभाग राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार माह के प्रथम गुरुवार को उपखंड क्षेत्र कपासन की समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई के क्रम में उपखंड अधिकारी कपासन राजीव बडगुजर द्वारा क्षेत्र की ग्राम पंचायत रूपाखेड़ी,हथियाना,सुरपुर,पांडोली स्टेशन, छापरी,सिंहपुर,लांगच पर आयोजित जनसुनवाई का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। गौरतलब है कि निरीक्षण दौरान ग्राम पंचायत सुरपुर में ग्राम विकास अधिकारी एवं रूपाखेड़ी में पटवारी अनुपस्थित मिले।साथ ही ग्राम पंचायत छापरी में जनसुनवाई का आयोजन नहीं होना पाया गया।ग्राम पंचायत भवन सुरपुर में कार्यरत ईमित्र कियोस्क के कार्य में अनियमितता पाये जाने एवं ग्राम पंचायत पांडोली स्टेशन में कार्यरत ईमित्रा के अनुपस्थित पाये जाने पर दोनो ईमित्रा की आईडी को तत्काल प्रभाव से आगामी 15 दिवस की अवधि हेतु निर्यबित किया गया।

इसी क्रम में जनसुनवाई में अनुपस्थित मिले पटवारी रूपाखेड़ी को कारण बताओ नोटिस जारी किया तथा ग्राम विकास अधिकारी सुरपुर एवं छापरी के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही हेतु अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद चित्तौड़गढ़ को पत्र प्रेषित किया गया।साथ ही क्षेत्र की अन्य ग्राम पंचायतों में जनसुनवाई सुचारू सम्पन्न हुई। जिसका ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा पर्यवेक्षण किया गया।

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस-2024 को मनाने के संबंध में उपखंड स्तरीय बैठक आयोजित

उपखण्ड प्रशासन, निम्बाहेड़ा, जिला-चित्तौड़गढ़ (राज.)

बढ़ता राजस्थान

निंबाहेड़ा (प्रकाश खत्री)। निंबाड़ा उपखंड की बैठक आयोजित कर राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस 2024 को सम्मानपूर्वक मनाया जाने के संबंध में उपखंड अधिकारी विकास पंचोली ने पंचायत समिति सभागार में बैठक आयोजित की जिसमें उपखंड स्तरीय विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अपनी -अपनी जिम्मेदारी दी गई, जिसमें पी एच ड़ी, सार्वजनिक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, नगर पालिका, पुलिस विभाग, विद्युत विभाग, तहसीलदार व विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। बैठक में वृक्षारोपण के संदर्भ में उपखंड अधिकारी विकास पंचोली द्वारा वंडर सीमेंट के सी एस आर अधिकारी हेमेंद्र सिंह झाला को पूछा कि अभी तक आपने कितने पौधे सप्लाई क्यों नहीं किए जबकि छोटी-छोटी संस्थाओं ने दस दस हज़ार पौधे आम जनता को निशुल्क दे दिये तो वंडर सीमेंट के अधिकारी बोले की नर्सरी में पौधे तैयार नहीं है, बाहर से खरीदते हैं तो पैसा ज्यादा लग रहा है वंडर सीमेंट के इस बेतुके बयान से लग रहा है कि वंडर सीमेंट पर्यावरण के प्रति बिल्कुल भी गंभीर नहीं है जब वंडर सीमेंट ने 25000 पौधों का टारगेट लिया था फिर भी अभी तक इन्होंने पौधे नहीं लगवाएं ।

जुलाई का महीना खत्म हो गया है वंडर सीमेंट अपना 25000 पौधों का टारगेट कैसे पूरा करेगा, बैठक में वंडर सीमेंट के अधिकारी द्वारा उपखंड अधिकारी को विश्वास दिलाया कि एक-दो दिन में पौधे मंगवा कर लगवा दिए जाएंगे व उनकी देखरेख की जाएगी।

उपखंड अधिकारी ने बताया कि सारे पौधों की जिओ ट्रैकिंग से निगरानी हो ।

अंगदान के कार्यो के लिये राज्य की उत्कृष्ट सामाजिक संस्था से सम्मानित हुई शाइन इंडिया

बढ़ता राजस्थान

झालावाड़, (नि.स.)। 3 अगस्त को, देश भर में अंगदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से एवं अंगदान कर चुके परिवारों को सम्मानित करने के उद्देश्य से, पूरे भारतवर्ष में राष्ट्रीय अंगदान दिवस मनाया जाता है , इस राष्ट्रीय अंगदान दिवस की पूर्व संध्या पर राजस्थान राज्य सरकार के चिकित्सा राज्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, की उपस्थिति में अतिरिक्त मुख्य सचिव शिक्षा विभाग डॉ शुभ्रा सिंह ने ,आरएचएसडीपी हॉल, स्वास्थ्य भवन,जयपुर में प्रदेश में बीते एक वर्ष में हुए, अंगदान करने वाले परिवारों के सदस्यों को सम्मानित किया । इसके साथ ही अंगदान के क्षेत्र में सहयोग करने वाले राजकीय चिकित्सक, नर्सिंग कर्मी,जॉइंट डायरेक्टर, सीएमचोओ के साथ-साथ अंगदान के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाली सामाजिक संस्था शाइन इंडिया फाउंडेशन को भी अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने संस्था संस्थापक,डॉ कुलवंत गौड़ व सदस्य मृत्युंजय गौड़ को विभाग द्धारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया । ज्ञात हो, बीते एक माह में शाइन इंडिया के सदस्यों ने मिलकर सघन अंगदान जागरूकता अभियान चलाकर न सिर्फ कोटा शहर में बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में भी लोगों को नेत्रदान अंगदान और देहदान के लिए जागरूक किया है । संस्था के प्रयासों से ही कोटा शहर का नाम, राजस्थान में नेत्रदानी नगरी नाम से जाना जाता है । नेत्रदान के क्षेत्र में शाइन इंडिया पिछले 13 वर्षों से अनवरत कोटा संभाग में कार्य कर रहा है, संस्था के अथक प्रयासों द्वारा 1300 से अधिक पुण्य आत्माओं के नेत्रदान हो चुके हैं, डॉ गौड़ समाज में अंगदान के कार्य को ज़मीनी स्तर पर बढ़ाने के लिए नेत्रदान प्रथम सीढ़ी है ।

शुध्द आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत 2 संस्थाओं से लिए नमूने

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। सरकार की ओर से चलाये जा रहे मिलावट के खिलाफ अभियान के तहत अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह के मार्गदर्शन में आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण इकबाल खान एवं अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा एवं जिला कलेक्टर डॉ.रवींद्र गौस्वामी के निर्देशन में मिलावटखोरी रोकने के लिए विभिन्न खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए जा रहे है। अभिहित अधिकारी एंव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जगदीश सोनी ने बताया कि शुक्रवार को सिटी मॉल स्थित मैक डॉनल्ड रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया यहां से बर्गर के लिए आलू टिक्की तलने वाले यूज्ड रिफाइंड पाल्मोलिन तेल व बर्गर के साथ परोसें जाने वाले टोमेटो सॉस का नमूना खाद्य सुरक्षा एंव मानक अधिनियम के तहत लिया गया। साथ ही सिटी मॉल स्थित बर्गर किंग रेस्टोरेंट से फेंच फाइज़ तलने वाले तेल एंव नान वेज टिक्की तलने वाले तेल की टीपीसी मीटर द्वारा जांच करने पर तेल जांच में अवमानक पाया गया यहां से दोनों ही यूज्ड रिफाइंड पाल्मोलिन तेल के खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत लिया गया। इस प्रकार कूल 4 नमूने खाद्य सुरक्षा एव मानक अधिनियम के अन्तर्गत लिए गए। नमूनो को खाद्य सुरक्षा प्रयोगशाला कोटा में भेजा गया। जांच रिपोर्ट आने के बाद नियम अनुसार विधिक कार्यवाही की जावेगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप अग्रवाल, चंद्रवीर सिंह जादौन, नितेश गौतम मौजूद रहे।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक
बढ़ता राजस्थान

देश का मानसून ट्रैकर

केदारनाथ में लैंडस्लाइड, 5 हजार तीर्थयात्री निकाले, 300 अब भी फंसे; मध्य प्रदेश के 6 जिलों में बाढ़

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। उत्तराखंड में 1 अगस्त की रात भारी बारिश, लैंडस्लाइड और बादल फटने के बाद केदारनाथ यात्रा दो दिन के लिए रोक दी गई है। पैदल रूट पर लिनचोली, भीमबली में अलग-अलग जगह फंसे 5 हजार लोगों का रेस्क्यू किया गया। इसके लिए चिनूक और एमआई-17 समेत 7 हेलिकॉप्टर की भी मदद ली गई। हालांकि, 300 तीर्थयात्री अभी फंसे हैं। उत्तराखंड में भारी बारिश के कारण हरिद्वार, देहरादून, टिहरी, रुद्रप्रयाग और नैनीताल में अब तक 16 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य में 48 घंटे के लिए भारी बारिश का अलर्ट है। इधर, मौसम विभाग ने शुक्रवार (2 अगस्त) को 24 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मध्य प्रदेश के 6 जिलों में भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं।

उत्तराखंड: राहत और बचाव में लगीं 72 टीमें

लैंडस्लाइड से रुद्रप्रयाग में गौरीकुंड से शुरू होने वाले 16 किमी के केदारनाथ ट्रैक घोड़ा पड़ाव, लिनचोली, बड़ी लिनचोली और भीमबली में पूरी तरह नष्ट हो गया है। रामबाड़ा के पास दो पुल भी बह गए। जिला प्रशासन ने दो हेल्पलाइन नंबर - 7579257572 और 01364-233387 और एक आपातकालीन नंबर 112 भी जारी किया है।

हिमाचल प्रदेश: 5 जगह बादल फटे, 48 लापता; मलाणा सुरंग से 33 मजदूरों का रेस्क्यू

1 अगस्त को हिमाचल में 5 जगह बादल फटने से 53 लापता हो गए। इनमें से 5 के शव बरामद कर दिए गए, जबकि 48 लोग अभी भी लापता हैं। उनकी तलाश में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और होम गार्ड जवान सर्च ऑपरेशन चलाए हुए हैं।

वायनाड में मरने वालों की संख्या 313 हुई

29 जुलाई को केरल के वायनाड में तेज बारिश के बाद लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या 313 हो गई हैं। 130 लोग अस्पताल में हैं, जबकि 240 से ज्यादा लोग आज भी लापता हैं। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों के लिए वायनाड में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। डिजास्टर मैनेजमेंट टीम ने फिर से कुछ जगहों पर लैंडस्लाइड का खतरा भी जताया है। वहीं, आर्मी के जनरल कमांडिंग ऑफिसर मेजर जनरल वीटी मैथ्यू ने कहा कि रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हो चुका है। अब हम केवल शवों को खोजने का काम कर रहे हैं। अगर हमें घरों में कोई फंसा मिलेगा तो उसे निकालेंगे।

शिवराज बोले-कांग्रेस को शकुनि, चौसर, चक्रव्यूह क्यों याद आते हैं

इन शब्दों का संबंध अधर्म से; राहुल गांधी ने बजट की तुलना चक्रव्यूह से की थी



बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र का शुक्रवार (2 अगस्त) को दसवां दिन है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यसभा में शकुनि, चौसर, चक्रव्यूह का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर कटाक्ष किया। शिवराज ने कहा- कांग्रेस को याद आए तो भी शकुनि याद आए। शकुनि, चौसर, चक्रव्यूह इन सारे शब्दों का संबंध अधर्म से है... जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी। उन्होंने आगे कहा कि शकुनि छल, धोखे और कपट के प्रतीक थे। चौसर में थे तो धोखे से ही हराया गया था। चक्रव्यूह मतलब घेर के मारना। अब कांग्रेस को क्यों चक्रव्यहू, शकुनि, चौसर ही याद आते हैं। शिवराज ने आगे कहा कि हम जब महाभारत काल में जाते हैं तो भगवान श्रीकृष्ण याद आते हैं। शिवराज का ये बयान राहुल गांधी के उस बयान पर आया, जिसमें उन्होंने केंद्र सरकार के बजट की तुलना महाभारत के चक्रव्यूह से की थी। राहुल ने कहा था कि महाभारत में अभिमन्यु के साथ जो किया गया, वह भारत के साथ किया जा रहा है।

शिवराज सिंह बोले- कांग्रेस के डीएनए में किसान का विरोध है

शिवराज ने कहा- कांग्रेस के डीएनए में किसान विरोध है। कांग्रेस की प्राथमिकताएं प्रारंभ से ही गलत रहीं। जवाहरलाल नेहरू 17 साल देश के प्रधानमंत्री रहे। तब देश को अमेरिका से आया सड़ा हुआ लाल गेहूं खाने को विवश होना पड़ता था। इंदिरा गांधी के समय किसानों से जबरन लेवी वसूली का काम होता था।

राहुल ने कहा था- केंद्र का बजट महाभारत के चक्रव्यूह जैसा

29 जुलाई को मानसून सत्र के छठवें दिन लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बजट की तुलना महाभारत के चक्रव्यूह से की थी। राहुल ने लोकसभा में कुल 46 मिनट भाषण दिया। इसमें 4 बार अडाणी-अंबानी का नाम लिया, दो बार मुंह पर उंगली रखी। स्पीकर ने भाषण के दौरान राहुल को 4 बार टोका था। राहुल ने जब हलवा सेरेमनी का पोस्टर लहराया, तो वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सिर पकड़ लिया था। राहुल ने कहा था हजारों साल पहले कुरुक्षेत्र में अभिमन्यु को चक्रव्यूह में फंसाकर 6 लोगों ने मारा था। चक्रव्यूह का दूसरा नाम है- पद्मव्यूह, जो कमल के फूल के शेप में होता है। इसके अंदर डर और हिंसा होती है। 21वीं सदी में एक नया चक्रव्यूह रचा गया है- वह भी कमल के फूल के रूप में तैयार हुआ है। इसका चिह्न प्रधानमंत्री अपने सीने पर लगाकर चलते हैं। अभिमन्यु के साथ जो किया गया, वह भारत के साथ किया जा रहा है। आज चक्रव्यूह के बीच में 6 लोग हैं। ये 6 लोग- नरेंद्र मोदी, अमित शाह, मोहन भागवत, अजित डोभाल, अडाणी और अंबानी हैं।

जयपुर में होगी राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट:

सीएम बोले- हम पिछली सरकारों की तरह नहीं, जो इस तरह के सम्मेलन अंतिम समय में करती थी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। भजनलाल सरकार अपने पहले कार्यकाल में ही राइजिंग राजस्थान इंवेस्टमेंट समिट आयोजित करने जा रही हैं। इस साल 9 से 11 दिसम्बर को जयपुर में यह समिट आयोजित होगी। सीएम भजनलाल शर्मा ने आज इन्वेस्टमेंट समिट का लोगो लॉन्च किया।

इस मौके पर सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि हम पिछली सरकारों की तरह नहीं है। जो इस तरह के सम्मेलन अपने कार्यकाल के अंतिम समय में आयोजित करती थी। ताकि हिसाब नहीं देना पड़े। हम चुनौतियों से घबराते नहीं हैं और इसलिए अपने कार्यकाल के पहले साल में ही हम 'राइजिंग राजस्थान' निवेश सम्मेलन आयोजित करने जा रहे हैं। सीएम भजनलाल शर्मा ने आज भारतीय परिसंघ (सीआईआई) के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी और उनकी टीम के साथ समिट को लेकर चर्चा की।

इस मौके पर सीएम भजनलाल शर्मा ने राजस्थान में निवेश करने के लिए इच्छुक निवेशकों के लिए सिंगल-पॉइंट निवेशक इंटरफेस को भी लॉन्च किया।

मेरे खिलाफ ईडी रेड की प्लानिंग : राहुल

इंतजार करूंगा, चाय-बिस्किट मेरी तरफ से; दावा- संसद में चक्रव्यूह वाले भाषण से सरकार नाराज

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने दावा किया है कि उनके खिलाफ एनफोर्समेंट डायरेक्टरोट रेड की प्लानिंग हो रही। राहुल ने गुरुवार देर रात 1:52 बजे ट्वीटर पर की गई एक पोस्ट में यह दावा किया। उन्होंने लिखा- टू-इन-1 को मेरा चक्रव्यूह भाषण पसंद नहीं आया। ईडी के अंदरूनी सूत्रों ने मुझे बताया कि मेरे खिलाफ रेड की योजना बनाई जा रही है। मैं ईडी अधिकारियों का बांहें फैलाकर इंतजार कर रहा हूं। चाय और बिस्किट मेरी तरफ से।

राहुल ने संसद में कहा था- 6 लोग देश को चक्रव्यूह में फंसा रहे

राहुल ने 29 जुलाई को संसद सत्र के दौरान बजट 2024-25 पर लोकसभा में भाषण दिया था। इसी दौरान उन्होंने बजट की तुलना महाभारत के चक्रव्यूह से की। उन्होंने कहा कि छह लोगों का एक ग्रुप पूरे देश को चक्रव्यूह में फंसा रहा है। ये 6 लोग- नरेंद्र मोदी, अमित शाह, मोहन भागवत, अजित डोभाल, अडाणी और अंबानी हैं। राहुल ने कहा था- हजारों साल पहले कुरुक्षेत्र में अभिमन्यु को चक्रव्यूह में फंसाकर 6 लोगों ने मारा था। चक्रव्यूह का दूसरा नाम है- पद्मव्यूह, जो कमल के फूल के शेप में होता है। इसके अंदर डर और हिंसा होती है। राहुल ने कहा- 21वीं सदी में एक नया चक्रव्यूह रचा गया है- वो भी कमल के फूल के रूप में तैयार हुआ है।

राहुल के दावे पर क्या बोले इंडिया ब्लॉक के नेता...

कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर- हम सभी जानते हैं कि भाजपा सरकार और पीएम मोदी ने पिछले 10 सालों में विपक्षी नेताओं को बदनाम करने के लिए ईडी, सीबीआई और द्वज्ञ का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग किया है। 2024 में भाजपा बहुमत भी हासिल नहीं कर सकी। यह सरकार फिर से विपक्ष के नेता के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करना शुरू कर रही है।

शिवसेना नेता संजय राउत- वे सभी लोग जो लोकतंत्र को बचाने के लिए सरकार के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं, उनके खिलाफ साजिश हो रही है। कुछ भी हो सकता है, हम सब पर हमला हो सकता है, राहुल गांधी पर हमला हो सकता है क्योंकि पिछले महीने जिस तरह से हम सबने राहुल गांधी के नेतृत्व में सरकार को आड़े हाथों लिया है, उससे उनकी नींद उड़ गई है।

शिवसेना नेता प्रियंका चतुर्वेदी- राहुल गांधी को जानकारी मिली है कि ईडी के अधिकारी उनके आवास पर छापा मार सकते हैं। जब सरकार डरती है तो वह ईडी और सीबीआई को आगे कर देती है। केंद्र सरकार ने महुआ मोइत्रा, संजय राउत, संजय सिंह और अरविंद केजरीवाल के साथ भी ऐसा ही किया था।

राहुल के दावे पर भाजपा नेता क्या बोले...

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह: यह देश का दुर्भाग्य है कि राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं। वह संसद के अंदर झूठ बोलने के साथ-साथ बाहर भी दुष्प्रचार कर रहे हैं। वे दुनिया से जाति पूछ रहे हैं और अपनी जाति बताने से भाग रहे हैं।

भाजपा सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत: कहते हैं न चोर की दाढ़ी में तिनका, वही डर उन्हें (राहुल गांधी) सता रहा है। वे डरे हुए क्यों है? किस बात का डर है?

भाजपा सांसद कंगना रनोट: राहुल गांधी की बातें मुझे समझ नहीं आती। राहुल कहते हैं कि देश का हलवा बंट रहा है। वे देश के बजट को हलवा कहते हैं। उनकी दादी इंदिरा गांधी भी ने कई बजट बनाए हैं। जैसा कि अनुराग ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस की मानसिकता अपने फायदे के लिए देश को बांटने की है। यह मानसिकता पंडित जवाहरलाल नेहरू के समय से चली आ रही है।

ज्ञानवापी के बाहर हंगामा, नमाज का बहिष्कार : गेट न हटाने पर नमाजी भड़के, पुलिस से नोकझोंक, मुफ्ती ने दिया 7 दिन का अल्टीमेटम

वाराणसी। वाराणसी में सावन की शिवरात्रि और जुमे की नमाज के दिन माहौल गरमा गया। ज्ञानवापी के बाहर 500 से ज्यादा नमाजियों ने हंगामा कर दिया। नमाजियों ने ज्ञानवापी में नमाज पढ़ने से इनकार कर दिया। हंगामे की सूचना पर फोर्स मौके पर पहुंची। इस दौरान पुलिसकर्मियों और नमाजियों में नोकझोंक हो गई। इस पर शहर मुफ्ती धरने पर बैठ गए। ज्ञानवापी के भीतर करीब 150 नमाजी पहुंच गए थे, उन्होंने नमाज का बहिष्कार कर दिया। दरअसल, गुरुवार को प्रशासन काशी विश्वनाथ धाम के गेट नंबर-4 से सटाकर ज्ञानवापी के नमाजियों के लिए नया अस्थायी गेट बनवा रहा था। नमाजियों ने नई परंपरा बताकर विरोध किया तो प्रशासन ने गेट बनाने का फैसला वापस ले लिया। हालांकि, गेट की चौखट बन चुकी थी। प्रशासन ने कहा था रात में इसे भी हटवा देंगे। आज दोपहर नमाजी पहुंचे।

प्रयागराज में वंदे भारत के ट्रैक पर रखा सिलेंडर

टेप बांधकर मुर्गा चिपकाया, पत्थर बिछाए... अरेस्ट

बढ़ता राजस्थान

प्रयागराज। यूपी के प्रयागराज में वंदे भारत ट्रेन के ट्रैक पर एक युवक ने सिलेंडर, साइकिल और पत्थर रख दिए। उसने ऐसा रील बनाने के लिए किया। ट्रेन जब ट्रैक से गुजरी तो पत्थर दूर जा गिरा। पुलिस का मानना है कि ट्रैक पर रखी चीजों से ट्रेन पटरी से उतर सकती थी। शुक्रवार शाम को पुलिस ने आरोपी युवक को अरेस्ट कर लिया। उसका कहना है- यू-ट्यूब पर दोस्तों के उकसाने और लाइक्स के चक्कर में वीडियो बना रहा था।

हालांकि, पुलिस ट्रेन पलटाने की साजिश के एंगल पर भी जांच कर रही है। आरोपी के वीडियो भी सामने आए हैं। इसमें वह ट्रैक पर टेप से मुर्गा चिपकाता, सिलेंडर रखता और पत्थर बिछाता नजर आ रहा है। आरोपी की पहचान 22 साल के गुलजार के रूप में हुई। वह नवाबगंज का रहने वाला है। उसने 10वीं तक पढ़ाई की है। रेलवे पुलिस ने बताया- उसका यूट्यूब पर गुलजार इंडियन हैकर के नाम से चैनल है। उसके 2 लाख 36 हजार फॉलोअर हैं।

राजस्थान में न्यूक्लियर पावर प्लांट को लेकर हिंसा

विरोध कर रहे लोगों ने पुलिस पर पथराव किया, अगस्त में होना है शिलान्यास

बढ़ता राजस्थान

बांसवाड़ा। राजस्थान के बांसवाड़ा में बन रहे माही न्यूक्लियर पावर प्लांट को लेकर शुक्रवार को स्थानीय लोगों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प हो गई। प्लांट के लिए जमीन खाली कराने गई पुलिस पर यहां रह रहे लोगों ने पथराव कर दिया। वहीं जवाब में पुलिस ने भी हाईवे जाम कर रही महिलाओं को खदेड़ा और आंसू गैस के गोले छोड़े। करीब 3 घंटे चली हिंसा में पुलिस के 3 जवान और कुछ ग्रामीण घायल हो गए। पुलिस ने भारत आदिवासी पार्टी के एक नेता समेत 12 लोगों को हिरासत में लिया है। विवाद के बाद पुलिस ने पावर प्लांट के लिए जमीन खाली करा ली है। अगस्त के आखिरी सप्ताह या सितंबर के पहले सप्ताह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका शिलान्यास करने आ रहे हैं। दरअसल, बांसवाड़ा के छोटी सरवन में 2800 मेगावाट का न्यूक्लियर पावर प्लांट लगना है। यहां बाउंड्री वॉल बनाकर इसकी जद में आ रहे लोगों को दूसरी जगह शिफ्ट किया जा रहा है। लोगों के विरोध को देखते हुए न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने पुलिस से मदद मांगी थी। बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़ जिलों की पुलिस को मौके पर तैनात कर लोगों को हटाने की जिम्मेदारी दी गई थी।

एक जवान का सिर फूटा

शिलान्यास की तारीख नजदीक आने के कारण इन परिवारों को दूसरी जगह शिफ्ट कराया जा रहा था। जबकि स्थानीय लोग मांग पूरी होने तक हटने को तैयार नहीं थे। शुक्रवार सुबह जमीन पर जब NPCIL ने बाउंड्री वॉल बनाना शुरू किया तो लोगों की भीड़ जुटना शुरू हो गई थी।

सुबह करीब 10:30 बजे बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंच गए और नारेबाजी करने लगे। विरोध को बढ़ता देख पुलिस ने जब इन्हें हटाना शुरू किया तो लोगों ने पथराव शुरू कर दिया। इस पथराव में क्यूआरटी का जवान कल्पेश गरासिया घायल हो गया, जिसके सिर पर पत्थर लगा। उसे बांसवाड़ा के एमजी हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया है। इस विरोध प्रदर्शन में स्थानीय महिलाओं ने नेशनल हाईवे 927-ए (बांसवाड़ा-डूंगरपुर-रतलाम) हाईवे को जाम कर दिया। पुलिस ने महिलाओं और लोगों को हटाने का प्रयास किया। इस पर वहां भगदड़ मच गई और कुछ लोग पहाड़ी पर चले गए और वहां से पथराव शुरू कर दिया। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने बीएपी नेता हेमंत राणा समेत कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया है। इस पथराव में क्यूआरटी के जवान कल्पेश गरासिया के सिर में चोट लगी है। उनका अभी बांसवाड़ा के एमजी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।

स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने नीट की सराहना की

बोले- पहले 13 करोड़ में बिकती थीं मेडिकल सीटें, नीट के आने से भ्रष्टाचार कम हुआ

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने राज्य सभा में नीट मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम - नीट की सराहना की है। दरअसल, नीट खत्म करने और मेडिकल एडमिशन की प्रक्रिया केंद्र की बजाय राज्यों को तय करने को लेकर चर्चा हो रही थी। इस दौरान नड्डा ने कहा है कि जब नीट की व्यस्वस्था नहीं थी तो मेडिकल सीटों का लेनदेन आसान था। पीजी की मेडिकल सीटें 8 से 13 करोड़ में बिकती थीं। अगर रेडियोलॉजी जैसी स्पेशलाइज्ड ब्रांच की सीट हो तो एक सीट की कीमत 13 करोड़ तक हुआ करती थी। काउंसलिंग और सीट एलोकेशन में भी गड़बड़ी होती थी नीट से पहले स्टूडेंट्स को एग्जाम देने के लिए देश के अलग-अलग सेंटर्स में भटकना पड़ता था। मेडिकल एडमिशन में इतना भ्रष्टाचार था कि ये फाइनल मेरिट लिस्ट सिर्फ 30 से 45 मिनट के लिए पब्लिक नोटिस बोर्ड पर लगाई जाती थी। इसके बाद ये कहकर इसे हटा दिया जाता था कि स्टूडेंट्स एडमिशन के लिए नहीं आए।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र
मुद्रण के लिए संपर्क करें।

उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya,
NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक (राज.) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय फोन नं.01432-244881,निवाई 01438-222201,202,203, प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर (राज.)
फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)